# खनिज अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के आंख मूंदने से तेलनदी करलागुड़ा पुरनापानी से रेत का अवैध निकासी पर सवाल

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



रेत निकासी के प्रतिबंध के बावजूद बीते 20 दिनों से रेत माफिया पीएम आवास के नाम जोरदार रेत का अवैध तरीके से निकासी किया जा रहा है और अधिकारी हाथ पर हाथ धरे दिखाई पड़ रहे है जानकारी के मुताबिक देवभौग ब्लॉक के करलागुड़ा रेत घाट से 15 और कुमड़ाई से 10 पुरनापानी से 10 एवं भतराबहेलि 20 सहित अन्य रेत घाट से 150 से अधिक ट्रीप रेत का निकासी रोजना किया जा रहा है फिर भी कोई कार्यवाही अब तक देखने को नही मिल रहा है जबकि रेत की अवैध निकासी रोकने के लिए खनिज इंस्फेक्टर एसडीएम तहसीलदार सहित तमाम अधिकारी मुस्तैद होने का दावा करते हैं लेकिन जमीनी अवैध रेत निकासी देख अधिकारियों की दावा पूरी तरह खोखली नज़र आती है जबकि अवैध रेत निकासी से सरकार को आय दिन 1 लाख का नुकसान उठाना पड़ रहा है इसके अलावा भंडारण लिए रेत का खरीदी नही होने अलग से भी नुकसान हो रहा है क्योंकि 1500 मीटर क्यूब का भंडार लिया गया है जिसमे से अबतक मात्र 200 क्यूब मीटर का रेत ही बेचा गया है मतलब सरकार को 200 क्यूब मीटर का रॉयल्टी ही बमुश्किल मिल पाया है और बचत रेत का रॉयल्टी निकलना नामुमकिन दिखाई दे रहा है क्योंकि वर्तमान में पुरनापानी भतराबहेलि करलागुड़ा से ताबड़तोड़ रेत निकासी किया जा रहा है जिससे ना स्थानीय अधिकारी सरोकार रखते हैं और जिला मे बैठे खनिज अधिकारी कोई कार्यवाही करते हैं जबकि ऐसे घाट से रेत का दोहन से होने वाले नुकसान को लेकर अधिकारी अच्छी तरह अवगत हैं साथ ही गांव गांव के सड़को को बुरा हाल होने के के अलावा दुर्घटनाओं से भी वाकिफ है फिर भी अधिकारियों द्वारा कार्यवाही में लचीला रुख अख्तियार करना समझ से परे है जिसे लेकर विभागीय मंत्री और सांसद से शिकायत दर्ज कराने की बात कही जा रही है।

## इन गांव में सैकडो ट्रीप रेत डंप

रेत निकासी पर प्रतिबंध के बाद गांव के रेत माफिया सक्रिय होकर गांव गांव में 500 ट्रीप टैक्टर से डंप किए हैं जिससे खनिज विभाग के अधिकारी भी अवगत हैं ग्रामीणों की माने तो मुख्यालय और भतराबहेली एवं अमाड नवागांव खोकसरा में सबसे अधिक रेत डंप है फिर भी अधिकारी इन जगहों में पहुंचकर कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जूठा पा रही हैं जिसे देख सांठ गांठ का आरोप भी लगाया जाता है मतलब 5 महीना मे एक से दो बार पहुंचकर खनिज अधिकारियों द्वारा कार्यवाही किया जाए तो बहुत बड़ी बात होगी शायद यही वजह है कि खनिज विभाग के सुस्ती पर लगातार सवाल खड़ा किया जाता है क्योंकि अधिकतर इस विभाग के अधिकारी कार्यवाही के लिए तब खड़े होते हैं जब सेटिंग का खेल नही होने की चर्चा भी खूब है मतलब गांव गांव के रेत घाट से दोहन कर रेत माफिया और अधिकारी मालामाल हो रहे है और मालामाल के इस खेल में सरकार को लाखो की चपत हर माह लग रही है।

## सतीश के शिकायत पर कार्यवाही नही

भण्डारस्वामी सतीश दौरा ने बीते 10 जून को एसडीएम के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराते कार्यवाही की मांग किया है सतीश अपने शिकायत पर बताया है कि कर्चिया निष्टीगुड़ा कुमड़ाईखुर्द पुरनापाणी करलागुड़ा भतराबहली सहित अन्य रेत घाट से रोजाना से सैकडो ट्रीप टैक्टर से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है ऐसे रेत की अवैध निकासी करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग किया गया था लेकिन आज पर्यन्त तक सतीश दौरा के लिखित शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाया है जिसका लाभ उठाते रेत माफिया अब दिन रात अवैध रेत उत्खनन कर मालामाल हो रहे हैं जिसकी परवाह ना खनिज विभाग को है और ना स्थानीय अधिकारियों को जबकि इस अवैध रेत उत्खनन से सरकार को आर्थिक नुकसान उठाने को लेकर विभाग भली भांति अवगत हैं।

# शहरों के विकास के लिए नहीं होगी राशि की कमी: अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपए लागत के 94 विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में शामिल वार्डों के विकास के लिए 14 करोड़ 73 लाख रुपए के 94 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। बिलासपुर के जिला खेल परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। उप मुख्यमंत्री साव की पहल और विधायक शुक्ला के विशेष प्रयासों से 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद एवं निकाय मद के अंतर्गत ये विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अधिकांश स्वीकृत कार्य सीसी रोड, नाली निर्माण तथा स्ट्रीट लाइट से संबंधित हैं। उप मुख्यमंत्री साव एवं विधायक शुक्ला ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत खेल परिसर में नीम के पौधे भी लगाए। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विगत पांच सालों में पहली बार विकास कार्यों के लिए लगभग 15 करोड़ की एकमुश्त राशि मिली है। हमारी सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। शहरों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। जनभावना के अनुरूप तमाम विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से हाल ही में मुलाकात हुई है। हमें जल्द ही और आबंटन मिलने की संभावना है। इससे हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति को रहने के लिए पक्का छत मिल सकेगा। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी को पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने इसे बड़े होते तक सहेजने को भी कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शहर की समस्याओं से अवगत हैं। धीरे-धीरे पूरी समस्याओं का समाधान होगा। इससे शहर की दशा एवं दिशा जरूर बदलेगी। नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बिलासपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह, जिला पंचायत के सीईओ रामप्रसाद चौहान और प्रभारी डीएफओ अभिनव कुमार सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर दिव्यांग को मिला बैटरी चलित ट्राई सायकल

### दिव्यांग के चेहरे में आई मुस्कान

### मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने दिव्यांग को भेंट की चाबी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग को बैटरी चलित ट्राई सायकल उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने अपने निजी निवास बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में वनगांव निवासी बृजकुमार को बैटरी से चलने वाली ट्राई सायकल प्रदान की। बैटरी चलित ट्राई सायकल पाकर विकलांग बृजकुमार ने मुख्यमंत्री साय और कौशल्या साय का आभार जताया है।

गौरतलब है की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के बगिया में राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दौरे पर बगिया पहुंचे थे, जहां सीएम कैंप कार्यालय में जनदर्शन के दौरान दिव्यांग बृजकुमार चांद ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर ट्राय सायकल उपलब्ध कराने की मांग की थी, इनकी मांग पर संवेदनशील मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को ट्राई सायकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद इन्हें बैटरी चलित ट्राई सायकल उपलब्ध कराया गया, मुख्यमंत्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने दिव्यांग को बैटरी चलित ट्राई सायकल भेंट कर चाबी सौंपी। दिव्यांग ने बैटरी चलित ट्राई सायकल मिलने पर ताली बजाकर खुशी जाहिर की, मुख्यमंत्री और कौशल्या साय का आभार जताया है।

# ईई एसडीओ इंजीनियर के करप्शन से कनेक्शन होने के चलते एनएच सड़क चढ़ा भ्रष्टाचार की बलि

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही खुटगांव देवभोग से लेकर मंदागमुड़ा तक की एनएच 130 सड़क में करप्शन से ईई एसडीओ और इंजीनियर की कनेक्शन होने के चलते सड़क की दुर्दशा देखने को मिल रही है। बकायदा सड़क मे इस्तेमाल मैटेरियल को उखड़ता देख इस करप्शन से कनेक्शन की चर्चा चौक चौराहा के साथ साथ राजीनिति गलियारों में भी जमकर सुनने को मिल रही है क्योंकि एनएच सड़क निर्माण पूर्ण होने से पहले ही भ्रष्टाचार की परत दर परत पोल खुल चुकी है। उल्लेखनीय है कि देवभोग ब्लॉक के अंतिम गांव खुटगांव देवभोग से होकर मंदागमुड़ा तक एनएच सड़क निर्माण के लिए करीब 76 करोड़ की स्वीकृति दिया गया है, मगर अफसोस की बात है स्वीकृति राशि अनुसार बिल्कुल भी काम देखने को नही मिल रहा है स्तरहीन मेटेरियल का उपयोग होने से जगह जगह अब उखड़ने लगी है ऐसे झाराबहाल के पास हाल ही में डामरीकारण हुआ है और अभी से डामर चूर चूर होकर बिखरा हुआ है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि करोड़ों के सड़क निर्माण में किस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है क्योंकि ठेकेदार को विभागीय अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त बताया जाता है क्योंकि पहले एनएच सड़क पर जीएसबी के काम के दौरान 40 एम एम एवं 20 और 12.5 का मिक्स गिट्टी डालाते कई जगह आंख बंद कर लोकल गिट्टी का इस्तेमाल किया गया इसके अलावा बिना मिक्स का डस्ट भी उपयोग में लाया है जिससे सड़क की मजबूती में काफी ज्यादा असर पड़ने की पूरी पूरी संभावना है सबसे ज्यादा तो पानी की तराई करने रोलर से मटेरियल को दबाने मैं लापरवाही बरती जा रही है शायद इसी का नतीजा है की आज नवीन एनएच सड़क में इस्तेमाल मैटेरियल उखड़ रहा है।

### सीएम और नितिन गडकरी से शिकायत

मापदंड अनुसार गुणवत्तापूर्वक सड़क बनाने की कमान संभालें इंजीनियर की अधिकांश गैरमौजूदगी एवं निर्माण कार्य में भर्राशाही करने से नाराज जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण अब सीधा सीएम विभागीय सचिव एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से शिकायत भेजेंगे ताकि बचत राष्ट्रीय राजमार्ग को उच्च अधिकारियों की निगरानी में गुणवत्तापूर्वक निर्माण कराया जा सके क्योंकि जिम्मेदार इंजीनियर एसडीओ से गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण की कल्पना किया जाना फिजूल होगा हालांकि उच्च अधिकारियों एवं सांसद के बीच क्वालिटीदार मटेरियल के साथ प्रावधान अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कराने का दावा किया जाता है लेकिन जमीनी स्तर के कार्य को देखकर इंजीनियर की दावा पूरी तरह खोखली नजर आती है।

### स्कूल कालेज के बच्चो को खासी परेशानी

ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कई जगह मिट्टी काम कर छोड़ दिया है खासकर विश्राम गृह से लेकर फोकटपारा मोड़ तक जहां गड्ढों का भरमार है और उक्त गड्ढा में बरसात के पानी जमे होने के चलते पैदल आना जाना मुश्किल होता है क्योंकि कीचड़ से लतपथ सड़क मे चलती वाहन से छींटा से बचना मुश्किल होता है।

# महतारी वन्दन: रुपया हजार, खुशियां अपार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



यह महतारी वंदन योजना है। एक ऐसी योजना, जिसमें सुनहरे भविष्य की उम्मीद और बेबस, लाचार महिलाओं के साथ-साथ अपने जरूरी खर्चों के लिए पैसों की मोहताज महिलाओं की खुशियां ही नहीं छिपी है, इन खुशियों के पीछे आर्थिक सशक्तिकरण का वह आधार भी है, जो कि महतारी वंदन जैसी योजना के बलबूते छत्तीसगढ़ की गरीब महिलाओं में आत्मनिर्भरता की नींव को शनैः-शनैः मजबूत करती जा रही है। महज चार महीनों में ही विष्णु सरकार की इस महतारी वंदन योजना ने छत्तीसगढ़ की न सिर्फ महिलाओं में अपितु घर-परिवार में भी खुशियों की वह मिठास घोल दी है, जिसका परिवर्तन उनके जीवनशैली में भी बखूबी नजर आने लगा है। आर्थिक रूप से सशक्तिकरण ने परिवार के बीच रिश्तों की गाँठ को और भी मजबूती से बाँधना शुरू कर दिया है। इस योजना से महिलाओं का सम्मान भी बढ़ा है। छत्तीसगढ़ में इस साल के 10 मार्च से महिलाओं के खाते में भेजी गई पहली किश्त एक हजार रुपए से आरंभ हुई छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की लगभग 70 लाख 12 हजार से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। साल में 12 हजार रुपये कोई छोटी रकम नहीं है..यह जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक आधार भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विगत चार महीनों से लगातार हर महीने के पहले सप्ताह में महिलाओं के बैंक खाते में इस योजना अंतर्गत एक हजार की राशि ऑनलाइन माध्यम से अंतरित करते हैं। मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही महिलाओं के खाते में पहुँचने वाली यह राशि प्रदेश की लाखों महिलाओं की खुशियों का पर्याय बन जाती है। पहले कुछ रुपयों के लिए मोहताज महिलाओं को एक हजार की राशि मिलने पर उनकी अपनी छोटी-छोटी जरूरतों का सपना भी पूरा होता है। इस राशि का उपयोग वह सिर्फ अपने ही लिए नहीं करती...घर के राशन से लेकर अचानक से पति को कुछ रुपयों की पड़ी आवश्यकता, बच्चों के लिए कुछ जरूरी सामान, नाती-नतनी की खुशियों के ख़ातिर स्नेहपूर्वक उन्हें उनकी जरूरतों का उपहार देने में भी करती हैं। महिलाओं को हर महीने इस राशि का बेसब्री से इंतजार रहता है। ऐसी ही इस योजना की हितग्राही मीरा बाई हैं। पति शारिरिक रूप से असमर्थ है। किसी तरह मजदूरी कर घर के खर्चों को पूरा करती है। तीन बच्चे हैं और वे स्कूलों में पढ़ाई करते हैं। स्कूल खुलते ही अपने बच्चों के लिए आई जरूरतों को पूरा करने के साथ घर की जरूरतों में भी महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग करती हैं। उन्होंने बताया कि घर के प्रति उनकी जिम्मेदारी है और हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि उनके लिए एक बहुत बड़ा योगदान है। इस राशि से ऐन वक्त पर बच्चों और पति को आई जरूरतों को भी पूरा कर पाती हैं। गाँव में रहने वाली सविता बाई के पति खेतों में काम करते हैं। बारिश में चाय की चुस्कियां लेती सविता बाई ने महतारी वंदन न्याय योजना का नाम आते ही चेहरे पर मुस्कान लाकर इस योजना से मिल रही खुशियों को प्रकट किया। उन्होंने कहा कि गाँव की महिलाओं के लिए एक हजार की राशि एक बड़ी राशि होती है।


# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों की शादी की चिंता हुई दूर

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कमजोर, आर्थिक परिस्थितियों वाले घरों की बेटियों के हाथ पीले कर माता पिता के आर्थिक बोझ को कम कर रही है। जिनकी घर में बेटियां होती है। उनके माता-पिता को बेटी की शादी योग्य उम्र होते ही चिंता सताने लगती है। हर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी बेटी की शादी धूमधाम से हो लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सपना अधूरा रह जाता है। ऐसे में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से हजारों परिवारों के माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर उनकी चिंता दूर कर रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रुपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत प्रत्येक कन्या को 21 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रदान की जाती है। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि के उपहार दिए जाते हैं। जिले में वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें से महासमुंद वार्ड नम्बर 5 की निवासी राजकुमारी देवांगन ने बताया कि उनकी शादी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 12 मार्च 2024 को हुआ था। उनके पिताजी नहीं है।




09 July 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को वापस ले भाजपा सरकार : विक्रम मंडावी

## विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर और जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयों में बिजली कटौती और बिजली के बढ़े हुए दामों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन हेतु बीजापुर ब्लॉक के लिए प्रभारी मिच्चा मुतैया जनपद उपाध्यक्ष भोपालपटनम, भोपालपटनम ब्लॉक के लिए प्रभारी शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, उसूर ब्लॉक के लिए प्रभारी बसंत राव ताटी सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, भैरमगढ़ ब्लॉक के लिए प्रभारी नीना रावतिया उद्दे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, कुटरू ब्लॉक के लिए प्रभारी सुखदेव नाग महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर एवं गंगालूर ब्लॉक के लिए प्रभारी सोनू पोटाम जनपद उपाध्यक्ष बीजापुर को बनाया गया था जिनके नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालयों में धरनाप्रदर्शन कर भाजपा सरकार में लगातार हो रही बिजली कटौती और बिजली के दामों वृद्धि के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन कर बिजली की कटौती को बंद करने और बिजली के बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग भाजपा सरकार से की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिला मुख्यालय बीजापुर में धरना प्रदर्शन में उपास्थि लोगों को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार भाजपा सरकार बिजली की कटौती कर रही है लगातार बिजली कटौती होने से आम जनता के साथ साथ किसान भी परेशान है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि एक तो सरकार बिजली की कटौती कर रही है वहीं दूसरी ओर बिजली के दामों को बढ़ा रही है भाजपा सरकार ने एक बार फिर बिजली के दामों को 8 प्रतिशत बढ़ा कर जनता पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। जहां एक ओर कांग्रेस की सरकार ने बिजली के दामों की घटाकर आधा किया था वही भाजपा सरकार ने पिछले छः महीनों में बिजली कटौती करते हुए बिजली के दामों को दुगना कर दिया है। विधायक विक्रम मंडावी ने उपस्थित लोगों की संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बिजली के दामों में बढ़ोतरी होने से महंगाई बढ़ेगी, इसलिए भाजपा सरकार को चाहिए कि महंगाई कम करने के लिए बिजली के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस ले और जनता को महंगाई से राहत दे। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है लेकिन पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। वहीं जनपद उपाध्यक्ष एवं बीजापुर ब्लॉक प्रभारी मिच्चा मुतैया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रबी की फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया।

## प्रदेश महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रदेश महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को जगदलपुर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की प्रांतीय अध्यक्ष रुक्मणी सज्जन ने किया। सर्वप्रथम सांसद का स्वागत किया गया, तत्पश्चात महेश कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है, शासन के कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वाह किया जा रहा है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जो भी समस्या होगी उस पर हमारी सरकार जरूर ध्यान देगी। उसके बाद संघ की अध्यक्ष रुक्मणी सज्जन ने कहा कि हमारे संघ से जुड़े कुछ लोग संघटन विरोधी काम में लगे हुए हैं,उस कारण हमने नये जिला अध्यक्ष को नया मनोनीत किया है, उन्हें समझ में आना चाहिए कि हमने बड़ी मुश्किल से संगठन को अब तक आगे लाया है, जगदलपुर में प्रेमवती नाग की जगह निर्मला चौधरी को, दंतेवाड़ा में किरण नाग की जगह रानी राव को, कोंडागांव में पुष्पा रॉय की जगह लक्ष्मी बघेल, नारायणपुर में देशांतरी बद्री की जगह लक्ष्मी यादव को नया जिला अध्यक्ष बनाया है। रुक्मणी सज्जन ने आगे कहा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनें केन्द्र और राज्य सरकार की हर योजनाओं को घर घर-जन जन तक पहुंचाकर शासन का कार्य कर रहे है। आईसीडीएस की यह योजना सन् 1975 से लागू हुए लगभग 50 वर्ष होने को है लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ-सहायिकाओ को अभी तक ना तो मजदूर का और ना ही शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिल पाया है। काम के समय शासकीय कर्मचारी से भी ज्यादा जिम्मेदारी दी जाती है और जब जीने लायक वेतन सुविधाओ की बात की जाती है तो समाज सेविका कहकर मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

## विद्युत दर में वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवम जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राज्य की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते,बिजली कटौती और बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी को लेकर दिनांक 8 जुलाई सोमवार को बस स्टैंड किरंदुल स्थल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, इंटक परिवार, यूवा कांग्रेस, नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप पार्षद गण, बुथ कांग्रेस, सेक्टर कमेटी, जोन/मंडल कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में उपस्थित थे।

## 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





खेलकूद जीवन का अभिन्न हिस्सा है खेलकूद के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। हार-जीत प्रत्येक स्पर्धा का दो पहलू है लेकिन स्पर्धा में खेल भावना और अनुशासन के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह बात विधायक जगदलपुर किरणदेव ने रविवार को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के समापन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल करने वाली बस्तर जोन की टीम को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। वहीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना कर आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। जगदलपुर में 04 जुलाई से 07 जुलाई तक आयोजित इस 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन ने ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल किया।

इस अवसर पर विधायक किरणदेव ने कहा कि बस्तर अंचल सहित पूरे प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें निखारने सहित बेहतर अवसर प्रदान करने की जरूरत है। राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने सहित खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव पहल कर रही है। इस दिशा में खेल सुविधाओं के विस्तार सहित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस सुब्रतो कप फुटबॉल स्पर्धा में प्रदेश के 05 जोन दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर के 250 से अधिक खिलाड़ी छात्र-छात्राएं और खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक सम्मिलित हुए। जिसमें बालक वर्ग में 15 एवं 17 वर्ष तथा बालिका वर्ग में 17 वर्ष आयु के खिलाड़ी शामिल हैं। इस 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में 17 वर्ष आयु समूह के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम तथा दुर्ग जोन ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## कलेक्टर के प्रयास से बीजापुर बाय-पास सड़क निर्माण में आ रही दिक्कतों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




बहुप्रतीक्षित बीजापुर बाय-पास सड़क निर्माण में आ रही बाधा अब दूर हो गई है। वर्षों से लंबित पड़े बाय-पास सड़क निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति से अवगत हो कर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा विशेष पहल करते हुए सड़क निर्माण में आ रही कठिनाईयों को निराकरण किया। सड़क निर्माण में प्रभावित भूमि के बदले पहले वृक्षारोपण हेतु भूमि बीजापुर में उपलब्ध नही होने के कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध हो गया था जिसे कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आवश्यक पहल करते हुए जांजगीर चांपा के कोसमंदा गांव में 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराने में सफल हुए जिसके परिणाम स्वरूप अब बाय-पास सड़क निर्माण की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो सकेगी। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के इस पहल से जिले के विकास एवं आवागमन की सुविधा बढ़ेगी। भारी वाहनों का शहर के बीच सड़क में दबाव कम होगा जिससे ट्रेफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

## शहीद की पत्नी के खाते से अवैध तरीके से सम्पूर्ण राशि अपने अलग-अलग खातों में ट्रान्सफर करने के आरोपी पति-पत्नी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रार्थिया अड़मे सोढ़ी पति स्व. सनकू सोढ़ी उम्र 38 वर्ष निवासी पेद्दापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर द्वारा लिखित आवेदन पेश कर बतायी कि इसका पति स्व. सनकू सोढ़ी थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत टेकुलगुड़ियम में हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ में शहीद हो गये थे। जिनकी शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि 50,41,118/- रूपये पीड़िता के बैंक एकाउण्ट में जमा थे। पीड़िता अशिक्षित होने से बैंक सबंधी कार्य के लिये अपने रिश्तेदार मनोज गोटे पिता रमैया गोटे उम्र 31 वर्ष एवं उनकी पत्नी मनीषा गोटे पति मनोज गोटे उम्र 26 वर्ष निवासी रालापल्ली थाना भोपालपटनम् जिला बीजापुर की मदद लिया करती थी। पीड़िता की अशिक्षित होने का फायदा उठाकर आरोपी पति-पत्नी के द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2021 से 30 जून 2024 की बीच में पीड़िता के खाते में जमा सम्पूर्ण राशि खाते से निकाल कर खाता खाली कर दिया। प्रकरण में रिपोर्ट पर थाना बीजापुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, अति. पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक तुलसी राम लेकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी बीजापुर निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। विवेचना के दौरान आवश्यक कानूनी कार्यवाही उपरान्त गठित टीम के द्वारा आरोपी पति-पत्नी का पता तलाश कर भोपालपटनम् सकुनत से दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के द्वारा पुलिस को भ्रमित करने का पर्याप्त प्रयास किया गया। पूछताछ में उलझकर आरोपियों के द्वारा अपराध करना स्वीकार किये है। आरोपी मनोज गोटे के द्वारा बताया गया कि पीड़िता के विश्वास और अशिक्षा का फायदा उठाकर बैंक ले जाकर पैसा को अपने खाते में ट्रान्सफर करवा लिए एवं पीड़िता को बैंक में फिक्स डिपॉजिट करवाना बताये। आरोपी मनोज गोटे खुद च्वाईस सेंटर संचालित करता है एवं उसे बैंक सबंधी अच्छी जानकारी होने से पीड़िता के अंगूठा निशान का फर्जी नमूना तैयार कर दोनो आरोपी पति-पत्नी के द्वारा पीड़िता के खाते से पिछले तीन वर्षो में 50 लाख रूपये अवैध तरीके से आहरित कर लिया गया। आरोपी पति-पत्नी के अलग-अलग बैकों के 10 खाता होना पता चला। पुलिस विवेचना के दौरान विधिसंगत कार्यवाही करते हुऐ मनोज गोटे के द्वारा तैयार किया गया पीड़िता का फर्जी अंगूठा नमूना, आरोपी का लैपटॉप, बायो मैट्रिक मशीन एवं नगद रकम जप्त किया गया।

## स्वसहायता समूह से जुड़कर सविता साहू बनी लखपति दीदी

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में काफी बदलाव आया है। समूह से जुड़कर कई ग्रामीण महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता आई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से कुछ महिलाएं अपनी आय में वृद्धि करते हुए एक लाख से अधिक की सालाना आय प्राप्त कर लखपति दीदी बन गई हैं। ऐसी ही लखपति दीदी कांकेर विकासखंड के गांव सिदेसर की रहने वाली सविता साहू हैं, जिन्होंने समूह से जुड़कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने की ठानी और मिनी राईस मिल स्थापित कर एक लाख से भी अधिक की सालाना आय प्राप्त कर रही हैं। सविता साहू ने बताया कि वे वर्ष 2012 में गायत्री स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं। शुरूआत में समूह की महिलाएं दोना-पत्तल बनाने का कार्य करती थीं। इसके बाद मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी आय को बढ़ाने के लिए खुद का रोजगार शुरू करने के बारे में सोचा। इसके बाद एडीईओ एवं बीपीएम ने उन्हें प्रधानमंत्री स्व रोजगार योजना के अंतर्गत ऋण लेने की सलाह दी। फिर उन्होंने वर्ष 2021 में स्वरोजगार योजनान्तर्गत 10 लाख रूपए और बिहान से 05 लाख रूपए का ऋण लेकर मिनी राईस मिल स्थापित की। साहू ने बताया कि वे अपने पति गौतम साहू के सहयोग से राईस मिल का अच्छे से संचालन कर रही हैं और लगभग 45 हजार रूपए महीने की आय अर्जित कर रही है। प्राप्त आय से उन्होंने समूह से प्राप्त 05 लाख रूपए के सभी किश्त जमा कर चुकी हैं और बैंक से प्राप्त 10 लाख रूपए में से 05 लाख रूपए का ऋण बाकी है।

## भोपालपटनम में विशाल जनसमुदाय ने इंद्रावती नदी के महाआरती का साक्षी बन लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# पर्यावरण संरक्षण एवं बस्तर की जीवनदायिनी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हुई इंद्रावती में महाआरती

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com





बस्तर की परंपरा, बस्तर का वैभव और बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने बीजापुर जिले के प्रकृति प्रेमियों विशाल जनसमुदाय रथयात्रा के पावन अवसर पर भोपालपटनम में इंद्रावती नदी के किनारे जुटे। बस्तर का जीवनदायिनी कही जाने वाली इंद्रावती नदी के प्रति अपने स्नेह के प्रदर्शन के लिए और मानसून में इसके यशस्वी प्रवाह के लिए इंद्रावती महाआरती का आयोजन किया गया। इन्द्रावती नदी के प्रति आमजनों के अपार उत्साह को देखते हुए इस आयोजन के साथ जिला प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा। आयोजन के संबंध में जब आयोजकगण कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिले तो उन्होंने इसकी बहुत सराहना की और कहा कि प्रशासन भी आपके साथ मिलकर आयोजन में सहयोग करेगा और हम सब बीजापुर के नागरिकगण इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। जिस तरह से वाराणसी में गंगा जी के किनारे गंगा आरती और जबलपुर में नर्मदा जी के किनारे मां नर्मदा की आरती होती है इस तरह की महाआरती भोपालपटनम में भी की गई। आयोजकों ने बताया कि महाआरती का उद्देश्य यह है कि हम सब अपनी मां इंद्रावती के प्रति सम्मान प्रकट करें। नदी, पहाड़, वन जैसे पर्यावरण के सरंक्षण करें हमारे बस्तर का वैभव हमारे छत्तीसगढ़ का वैभव दुनिया में इंद्रावती नदी की वजह से है। इंद्रावती नदी चित्रकूट में बड़ा जलप्रपात बनती है जिसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है। इंद्रावती नदी के सुंदर समुद्र तट देश भर से लोगों को आकर्षित करते हैं। आयोजकों ने बताया कि इंद्रावती के किनारे रहने वाले लोग अपने जीवन यापन के लिए इस महान नदी पर निर्भर है। इस नदी का प्रवाह हमेशा बना रहे। इस नदी के प्रति हमारे सरोकार हमेशा बने रहे। हम इंद्रावती नदी के संरक्षण, संवर्धन के लिए काम करें, इसके लिए जन जागरण का व्यापक अभियान हो। इस उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। आयोजकों ने बताया कि जिला प्रशासन भी इस आयोजन को लेकर काफी उत्सुक है और हमें पूरा सहयोग मिला है, इससे हम सब बहुत खुश है। उल्लेखनीय है कि शिव मंदिर समिति एवं जनसामान्य द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस महती इंद्रावती महाआरती का आयोजन किया गया। बस्तर में अपनी प्रकृति के संरक्षण के लिए अपने नदी नालों के संवर्धन के लिए इस तरह से समवेत होकर जो कार्य किया जा रहा है वह निश्चित ही बस्तर की प्रकृति को सहेजने के लिए बहुत शुभ कदम है सराहनीय कदम है।

**सकारात्मक सोच और जिले को विकास के लिए कलेक्टर का योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा -** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इंद्रावती नदी के महाआरती आयोजन का श्रेय कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को देते जिले के विकास में महती योगदान देने सकारात्मक सोच के साथ निरंतर कार्य करने पर उनका कार्य जिलेवासियों के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। अपने संबोधन महेश गागड़ा ने कहा कि बीजापुर की जनमानस का प्रकृति के प्रति गहरी आस्था है और सदैव प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचता है जिसका साक्षी आज के कार्यक्रम में विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति साबित करता है। इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता जिले के चारों शिव मंदिर समिति शिव मंदिर तिमेड़, शिव मंदिर गुल्लापेंटा, शिव मंदिर गुल्लागुड़ा, शिव मंदिर भोपालपटनम, बीजापुर के द्वारा किया गया।

HDFC BANK
We understand your world

**पंजीकृत कार्यालयः** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 16 जुलाई, 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 05.07.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX5233 | बाल कृष्ण यादव | 56,809.20 | 04.07.2024 |
| 2 | XXXX3232 | गोपी विजय | 16,953.66 | 19.06.2024 |
| 3 | XXXX2275 | गोपाल चन्द्र मुर्ख्जी | 1,22,208.18 | 26.06.2024 |

दिनांकः 09.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# साय सरकार में सांय-सांय हो रही बिजली बिल में बढौतरी व कटौती : कांग्रेस

## शहर कांग्रेस 2 ने धमतरी पावर हाउस का नारेबाजी के साथ किया घेराव

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




राज्य के भाजपा सरकार द्वारा बढाए गए विद्युत दर को वापस लिए जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को बंद कर प्रदेश के आम जनता सहित किसान भाइयों को राहत पहुचाएं जाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस के धमतरी में कॉंग्रेस के सभी ब्लॉकों में विभिन्न जगहों में प्रदर्शन किया गया जहाँ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 02 के द्वारा प्रदेश के साय सरकार के खिलाफ नारा बाजी करते हुए रायपुर रोड स्थित पावर हाउस का घेराव किया गया। जहां 12 बजे सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व वरिष्ट नेता एकत्रित हुए और पावर हाउस के सामने सभा का आयोजन कर घण्टो अघोषित विद्युत कटौती, लो.वोल्टेज की समस्या और विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि से निजात दिलाने की मांग किया गया। वही गांधी मैदान में आयोजित सभा के पश्चात कांग्रेसियों ने प्रदेश विष्णु देव सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया व ग्रामीण कांग्रेस के द्वारा अर्जुनी चौक में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों के साथ साय सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेससियो ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली कटौती साय-सांय किया जा रहा है। पहले भूपेश बघेल के राज में बिजली बिल आधी और बिजली पूरी मिलती थी। लेकिन अब साय सरकार में बिजली बिल पूरी और बिजली आधी मिल रही है। आम जनता और किसानों की समस्याओं से भाजपा की साय सरकार को कोई सरोकार नहीं है। 6 माह के कार्यकाल में ही यह सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। हर सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार का आलम है। भाजपा राज में आम जनता की सुनने बाला कोई नहीं है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहानाए महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, कार्यक्रम प्रभारी मनोज साहू, नीशु चन्द्राकर, प्रमोद साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवाणी, पूर्व आयोग अध्यक्ष विपिन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, घनश्याम साहू, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री युवराज शर्मा, अम्बर चंद्राकर, आशुतोष खरे,जिला महामंत्री संतोष सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, अरविंद दोषी, हरमिंदर छाबडा, रामनाथ यादव, सलीम रोकडिया, पार्षद आवेश हाशमी, ममता शर्मा, नीलू पवार, सोमेश मेश्राम, लुकेश्वरी साहू, दीपक सोनकर, ज्योति वाल्मीकि, नेता प्रतिपक्ष आमदी गजेंद्र कुम्भकार, पार्षद व्यास नारायण निषाद, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्त I, वि ंत शर्मा, युवा कांग्रेस महासचिव गीतराम सिन्हा, तारिक रजा कादरी, हितेश गंगवीर, तुषार जैस, गौतम वाधवानी, विशु देवांगन,दिनेश साहू, जितेंद्र साहू,रघुवीर रामटेके, ऋषभ ठाकुर, अजय सिन्हा, शैलेन्द्र दीवान, सलीम तिगाला, रमेश देवांगन, वतांजलि गोस्वामी, दिपेश्वरी साहू, गुंजा साहू,कुशल देवांगन, श्रवण साहू, अनिल यादव, पेखनलाल साहू, उदीत नारायण साहू, जितेंद्र देवांगन,खूबलाल साहूए किशनलाल साहू, शिव चंद्राकर, नीलमणि साहू, भगत साहू, चंद्रहास साहू, शत्रुघन साहू, परस ध्रुव, लीलेश्वर साहू, फलेश साहू, हरिश साहू , पुरुषोत्तम साहू, विनोद विश्वकर्मा, खिलेश साहू , हेमलाल बंजारेए कोमल साहू, शुभम यदु, नमन बंजारे, चंदू साहू पवन यादवए सूरज पासवान, अमित बघमरिया, होमेश्वर साहू, वीरू महाजन, चुकनेश्वर नागेंद्र, गुरुगोपाल गोस्वामी, यश दुबे, जैनुद्दीन रिजवी, डिकेश देवांगन, नवीन सिन्हा, वि म साहू, त्रिभुवन वर्मा,शेख सोहेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुंगेली जिला में माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संदीप साहू



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

मुंगेली जिला के ग्राम पंचायत तोरला सरगांव में सोमवार को साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमे साहू समाज राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। इस दौरान वे माता कर्मा जी की पूजा अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सरकार केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद बिलासपुर तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक

**धमतरी।** जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन 11 से 24 जुलाई तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम कौशिक ने आज प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार रथ के जरिए शहरी क्षेत्र की जनता को परिवार नियोजन के लिए लाउडस्पीकर से प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान, स्लोगन पर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के दौरान सलाह दी जाएगी कि एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कम से कम 3 साल का अंतर होना जरूरी है। इसके साथ ही अन्य आवश्यक जानकारियां भी दम्पत्तियों को दी जाएंगीं। परिवार नियोजना से संबंधित स्थायी अथवा अस्थायी साधन के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क सामग्री प्राप्त किया जा सकता है। इस संबंध में और अधिक जानकारी एवं अन्य स्वास्थ्यगत समस्या के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर 104 पर डायल कर सम्पर्क किया जा सकता है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में बाल केबिनेट का गठन



**महासमुंद।** बागबाहरा विं खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में बाल केबिनेट का गठन बालक और शिक्षक के उपस्थिति में सर्व सम्मति से किया गया। जिसमे प्रधान मंत्री डिगेन्द्र पटेल वित्त मंत्री कुं धारणी,कुं तनुजा, सुजल, भोजकुमारी पूजा चादनी नितिश यशराज इत्यादि को बाल कैबिनेट मे शामिल किया गया इसके तत पश्चात सभी को शपथ ग्रहण समारोह मे गुलाल से तिलक वंदन लगाकर बच्चो ने अपनी अपनी शाला के प्रति जिम्मेदारी निष्ठा पूर्वक निभाने हेतु शपथ ली। इस दौरान स्कूली बच्चे एवं शिशक शिक्षिका उपस्थित थे।

# रथयात्रा पर साहू समाज ने किया गजामूंग प्रसादी का वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला साहू संघ धमतरी के युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ भैया एवं सुभद्रा माता के विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के पावन पर्व पर रामबाग राज मेडिकल धमतरी के पास भगवान की पूजा .आरती एवं पुष्पवर्षा कर 50 किलो गजामूंग प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पवन गजपाल नें बताया कि हमारे धमतरी जिले के रथयात्रा का इतिहास सैकडो वर्ष पुरानी है। वर्तमान में 106 वर्ष होने जा रहा है। तत्कालीन नगर के धर्मात्माओं-दानदाताओं ने मिलकर भगवान जगदीश मंदिर के नाम से मंदिर निर्माण कर महाप्रभु के श्री विग्रह को स्थापित किये थे। जगत के नाथ, महाप्रभु जगन्नाथ को हमारे समाज के आराध्य माता कर्मा ने खिचडी खिलाई थी,जो मानव कल्याण के प्रतिपूर्ति के रूप में पूजनीय है। भगवान जगन्नाथ से क्षेत्रवासियों के खुशहाली की मंगलकामनाएं करते हैं। इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, महासचिव यशवंत साहू, तहसील शहर धमतरी अध्यक्ष रोहित साहू, जिला सचिव लीलाराम साहू, कोषाध्यक्ष गणेशराम साहू, जिला अंकेक्षक नरेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, मदन साहू,नीलमणि साहू, ललित चौधरी, जिला युवा प्रकोष्ठ महामंत्री वीरेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, सेवकराम साहू, पुनाराम साहू, उपेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, खिलूराम साहू, तहसील सचिव डॉ रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष विजयगौतम साहू, रामेश्वर गंगबेर, तहसील कोषाध्यक्ष नन्दझरुखा साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णाराम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शारदा साहू, महेश साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर, रंजना साहू,अरुण गजीर, भरत साहू, बल्ला साहू, रमाकांत साहू, लकेश साहू,रुद्रांश साहू, क्षितिज साहू, तामेश्वर साहू, भागवताचार्य देवी भूमिका साहू, मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं सिंधी समाज धमतरी सभापति अशोक दुम्बानी,जिला औषधि विक्रेता संघ धमतरी कोषाध्यक्ष नीरजकिरण साहू, फ्रेंड्स मेडिकल के संचालक साहिल नोतवानी, विवेक पटेल, उमाशंकर यादव, देवेंद्र विश्वकर्मा, पार्षद नारायण यादव, अजय देशलहरे, मंगल यादव, नारायण यादव के साथ बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# जनदर्शन में समस्या, शिकायत और मांग संबंधी कुल 93 आवेदन मिले



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांग, समस्या, शिकायत गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनोत्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। आज जनदर्शन में दिव्यांग बच्ची के कान का इलाज कराने, प्रधानंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, भूमि आबंटित कराने, आधार कार्ड बनाने, शौचालय निर्माण, पेंशन कराने इत्यादि संबंधी कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए।

# जनपद सदस्य पिंकु जागेन्द्र साहू ने बच्चों को पिलाया स्वर्णप्राशन



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशन में आयुष पॉली क्लीनिक धमतरी में जो कि जिला सत्र न्यायालय के पीछे स्थित है वहां पर हर माह पुष्य नक्षत्र में बच्चों को निशुल्क स्वर्णप्राशन पिलाया जाता है जिसमें आज 8 जुलाई 2024 सोमवार को रुद्री क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति पिंकू जागेंद्र साहू के हाथों बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाया गया। साथ ही जनपद सदस्य ने इस अवसर पर पधारे जागरूक पालकगण को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निवेदन किया की आप सभी पालकगण अपने आसपास के लोगों को इस बारे में जरूर बताएं व हर माह अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन जरूर पिलाए। इस अवसर पर समाजसेवी कृष्णकुमार ठाकुर, आयुष पॉली क्लीनिक के डॉक्टर अवध पचौरी, निशांत अग्रवाल, रेवती नेताम, सहित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉक्टर श्री पचौरी ने बताया कि बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन एक तरह का रामबाण है, बच्चों के बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का काम करता है।

# पुलिस द्वारा उमावि सम्बलपुर में छात्र-छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस से डीएसपी ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा एवं यातायात स्टॉफ द्वारा स्कूल छात्र.छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शा.उच्च. माध्य.विद्या. संबलपुर में यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित 110 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देते ट्रैफिक सिग्नल, रोड साईन, रोड मार्किंग, गतिसीमा बोर्ड आदि के बारे में श्यामपट में चित्रित कर विस्तृत जानकारी दी गई। पैदल एवं सायकल से स्कूल आने के दौरान झुंड में नही चलाने, बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने, दोपहिया में तीन सवारी वाहन नही चलाने, हेलमेट एवं सीटबेल्ट के उपयोगिता को बताते दोपहिया, चारपहिया वाहन में सफर के दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने बताया गया। जिस तरह स्कूली बच्चों को स्कूलों द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। इसी तरह वाहन चालन के लिए बनाये गये नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है जिससे आकस्मिक सड़क दुर्घटना घटित होने से बचा जा सकता है। आदि के बारे मे बताते हुए स्कूली शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन एवं अनुशासन आदि के संबंध में जानकारी देते हुए अच्छे भविष्य निर्माण करने हेतु अभिप्रेरित किया गया।पुराना धमतरी.रायपुर मार्ग में यातायात का अत्यधिक दबाव होने से हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ओवरस्पीड से चलने वाले वाहनों के गति पर नियंत्रण हेतु गतिसीमा आदेशात्मक बोर्ड ग्राम डोमा, गुजरा, कोसमर्रा, सिहाद मोंड़, भखारा, कोलियारी मोंड, भेड़सर मोंड़, शराब भट्ठी भखारा के पास एवं सेमरा मोंड़ में लगाया गया। वाहन चालकों द्वारा लगाये गये आदेशात्मक बोर्ड अनुसार वाहन चलाते नही पाये जाने पर उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत की जावेगी। चालानी कार्यवाही विशेष अभियान के तहत इकाई के सभी थाना चौकियों में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 331 वाहन चालको पर 07 दिनों में कार्यवाही कर प्रकरण माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा 1,88,300 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। चालानी कार्यवाही से वाहन चालकों के द्वारा यातायात नियमों का पालन कराने का प्रयास किया जा रहा हैए जिससे निश्चय ही सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी।

# राष्ट्रीय योगासन स्पोट्र्स प्रतियोगिता में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय योगासन स्पोट्र्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन मुंबई-महाराष्ट्र में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत भर के खिलाड़ियों ने अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। रायपुर के अग्रणी स्कूल, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल से सात खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों में साक्षी वर्मा ने 18 से 49 वर्ष, महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान कांस्य पदक प्राप्त किया। अन्य खिलाड़ियों में 9 से 11 वर्ष बालिका वर्ग में कनिष्का वर्मा , 12 से 14 वर्ष बालिका वर्ग कनिष्का वर्मा व वीणा सिंग ठाकुर, 12-14 वर्ष बालक वर्ग में रुद्र सिंग ठाकुर, 15-18 वर्ष बालिका वर्ग में संस्कृति व राहिनी प्रसाद ने भी उत्तम प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी आगामी योगा वर्ल्ड कप, दिसंबर 2024 (सऊदी अरब) के लिए चुने गये। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा, प्राचार्य आईवन स्मिथ, जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जदवानी, सचिव हरजीत सिंग हूरा व खिलाड़ियों के योग कोच नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई दी व भावी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की।

# प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा नेवरा की प्रबंधकारणी समिती का गठन हुआ



**तिल्दा नेवरा।** प्रयोग समाज सेवी संस्था की नई प्रबंधकारिणी समिती में सीताराम सोनवानी, अध्यक्ष लोकेश्वरी वट्टी, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सिंहा, सचिव ग्वाल सिंह सोरी, संयुक्त सचिव निर्मला कुजूर, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार कोशरिया, सदस्य अम्बिका देवी सदस्या नियुक्त किये गये। विदित हो कि प्रयोग समाज सेवी संस्था के उपाध्यक्ष जानकी बाई तथा सचिव मंतराम निषाद के त्यागपत्र देने के उपरांत नई कार्यकारिणी समिती का गठन किया गया है। कृष्णा प्रसाद सिन्हा जो वर्तमान में नवनियुक्त सचिव तथा कार्यकारी अधिकारी है। वह प्रयोग समाज सेवी संस्था के संस्थापक कोषाध्यक्ष रहे है।

# नगर निगम ने सांड को पकड़ा कई लोगों को कर चुका था घायल

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

कुत्ता काटने के बाद तांडव मचा रहे सांड को नगर निगम की टीम ने मशक्कत के बाद पकड़ लिया है जिससे वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली है। यह सांड कई लोगों को घायल कर चुका था। मिली जानकारी के अनुसार विंध्यवासिनी वार्ड में एक सांड को कुछ दिनों पूर्व कुत्ते ने काट दिया था जिसके बाद से इंफेक्शन फैलने लगा था और रेबीज का लक्षण देखने लगा। जिससे वह पागलों की भांति हरकत करने लगा था पार्षद कमलेश सोनकर ने बताया कि इस सांड ने चार.पांच महिलाओं को घायल कर दिया था। इसके बाद सोमवार को नगर निगम को सूचना दी गई और इसे पकड़ा गया।नगर निगम उपयुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि कुत्ता काटने के बाद सांड की स्थिति खराब हो गई थी। जिसे नगर निगम की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा है। इससे पकड़ने वालों को भी खतरा हो सकता था इसलिए सभी एहतियात बरती गई।

# दावा-आपत्ति 18 जुलाई तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत हटकेशर वार्ड स्थित आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 2 में सहायिका और दानीटोल वार्ड के आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 1 में कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त आवेदनों की अनंतिम योग्यता सूची जारी किया गया है। परियोजना अधिकारीए एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी ने बताया कि उक्त सूची को नगरनिगम कार्यालय और एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय धमतरी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इस संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह आगामी 18 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर दावा.आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद मिले दावा.आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर सेवा समिति द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक के दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में उग आए खरपतवार को उखाड़कर मैदान का समतलीकरण तथा जल निकास हेतु नाली बनाया गया, सभी कमरों की सफाई कर टेबल बेंच व्यवस्थित किया। इस स्वच्छता अभियान में कु काजल दास ,दिव्या भोई, किरण बरीहा, रंजना यदु,खुशबू दंडसेना, सुहानी बरिहा,तनीषा साहू, किरण बरीहा, चांदनी दास, लिसा निषाद, तेजस्विनी साहू, लोकेश साव, निखिल सेठ, राजेंद्र साहू, योगेश दंडसेना, लक्ष्मीकांत चौधरी, सौम्या पटेल, डिग्रीलाल दंडसेना, शेखर साहू, रूपेश साव राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वय सेवक एवम कर्मचारी उपस्थित थे।

# 19 सितंबर को खरोरा में निकलेगी गणपति महाराज की भव्य झांकी

पायनियर संवाददाता ‹ खरोरा
www.dailypioneer.com



7 सितंबर से शुरू हो रहे गणेश चतुर्थी को लेकर नगर के युवाओं में काफ़ी उत्साह नज़र आ रहा हैं। ऐसे तो गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है और इसमें अब खरोरा नगर भी पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षो से नगर में गणेश चतुर्थी पर विशेष आकर्षण और इसे लेकर लोगों में खाशी उत्साह देखने को मिल रहा हैं। गणेश चतुर्थी में फ़िलहाल अभी क़रीब 2 महिने का समय बाक़ी है किंतु नगर सहित आस-पास के युवा अभी से इसकी तैय्यारी में जुटे चुके हैं। इसमें खरोरा एवं केसला के महाकाल, भैरव बाबा, सिद्धि विनायक, इंडियन आर्मी, विध्नहर्ता, जय माँ करियादामा, विनायक, ज्वाला, प्रगति, युवा प्रोत्साहन, युवा शक्ति, वंदे मातरम, लिटिल स्टॉर, जय मां सिंगादुरिया, राम राज गणेशोत्सव जैसे कई छोटी बढ़ी सार्वजनिक गणेश समितियों के लोग तैय्यारी में जुट चुके हैं। इनके व्दारा अपने निर्धारित स्थानों पर गणपति महाराज के लिए भव्य पंडाल सजाने की तैय्यारी की जा रही हैं। इस वर्ष भी दर्शकों को इन पंडालों में विभिन्न प्रकार के थीम के साथ गणपति महाराज के दर्शन करने को मिलेगा।

**19 सितंबर को आयोजित झॉकी में जुटेंगे हज़ारों लोग।**

7 सितंबर से शुरू हो रहे गणेश चतुर्थी में पुजा अर्चना पश्चात 19 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी का विर्सजन होगा। इसके लिए स्थानीय मांगलिक भवन में आज झॉकी आयोजक समिति युवा विचार संस्थान एवं गणेश उत्सव समितियों के बीच बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 19 सितंबर को गणेश झॉकी निकालने का निर्णय लिया गया। ग़ौरतलब हैं की युवा विचार संस्थान व्दारा पिछले कुछ वर्षो से नगर में गणेश विसर्जन के दौरान झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। जिसमें खरोरा, केसला की दर्जनों समितियाँ भाग लेती हैं। वही बैठक के दौरान आयोजक समिति के संरक्षक वेदराम मनहरे ने उपस्थित लोगों से शांति पुर्वक झॉकी कार्यक्रम संपन्न कराने का आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष के झॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभागी समितियों के उत्साहवर्धन हेतू प्रथम 151000, द्वितीय 101000 एवं तृतीय स्थान आने वाली समिति हेतु 71000 सहित अन्य सभी समितियों को 11000 नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रतीक चिन्ह देने की घोषणा किया। बैठक में उपस्थित नपं खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया की इस वर्ष झॉकी कार्यक्रम के दौरान नगर में 25-30 हज़ार लोगों के आने की संभावना हैं।उन्होंने बताया की कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग से सहयोग लिया जायेगा। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से केसला सरपंच विनोद देवांगन, युवा विचार संस्थान के अध्यक्ष तोरण ठाकुर, सचिन अग्रवाल, भरत पंसारी, विजय शर्मा, विकास ठाकुर, पार्षद पुर्णेन्द्र पाध्याय, पार्षद राहुल मरकाम, आयुष वर्मा, अमृत पटेल, कुंदन वर्मा, आकाश मनहरे, संजय भट्ट, निमेश देवांगन, जयप्रकाश वर्मा, जानी डहरीया, देव देवांगन, शिवम साहू, जनार्दन सुर्यवंशी, विक्की लाटा, गणेश देवांगन, अभिलाष अग्रवाल, शेखर देवांगन, अश्वनी देवांगन, मृदुल अग्रवाल, भूपेन्द्र देवांगन, खेलावन धीवर, योगेश देवांगन, यशवंत क्षत्रिय, योगेश देवांगन, शेखर देवांगन, यशवंत देवांगन, छगन देवांगन, राहुल देवांगन, विक्की यादव, निलेश कुलदीप आदी लोग उपस्थित रहें।

# रथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब जगन्नाथ महाप्रभु के जयकारे से गूंजायामान हुआ पूरा शहर

पायनियर संवाददाता ∢ बिस्रामपुर
www.dailypioneer.com

उड़ीसा पुरी धाम की तर्ज पर शहर भर में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन संपन्न किया गया। रविवार को सुबह से महाप्रभु जगन्नाथ जी का श्रृंगार, अभिषेक, पूजन एवं पारंपरिक विधि विधान से अनुष्ठान आयोजन किया गया! जिसमें सैकड़ो भक्तों शामिल होकर शामिल हुए। इस दौरान महाप्रभु जगन्नाथ के साथ माता सुभद्रा एवं भ्राता बलदेव की मूर्तियों को जैसे ही उठाकर रथ पर लाया गया तो समूचा मंदिर जयकारों से गुंज उठा। रथ यात्रा निकालकर महाप्रभु को उनकी मौसी गुंडिचा के घर देर रात 9:00 बजे तक पहुंचाया गया! जहां वे अगले 8 दिनों तक विश्राम करेंगे और वही उनकी पूजा अर्चना एवं विधि विधान से संपन्न की जाएगी, तत्पश्चात 1द्ध बहुडा यात्रा (वापसी यात्रा) के माध्यम से पुनः मंदिर लौटेंगे! उल्लेखनीय है कि बीते रविवार जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में सुबह 10:00 बजे से परंपरागत तौर तरीकों से महाप्रभु जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना एवं पूजन प्रारंभ की गई, तत्पश्चात दोपहर 3:00 बजे महाप्रभु जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा एवं भ्राता बलदेव को अलग-अलग कर रथ पर सवार किया गया, तथा समाज के संजय पंडा शपत्निक एवं एल सी त्रिपाठी सपत्नीक के द्वारा रथ का विधि विधान से पूजन संपन्न किया गया तत्पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा में उपस्थित अतिथियों क्रमशः समाज के वरिष्ठ कृष्ण प्रधान, राज परिवार से उपस्थित राजा बिंदेश्वर शरण सिंह देव, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, क्षेत्रीय विधायक भुलन सिंह मरावी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, केरता शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्यासागर, सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष गोयल, एसईसीएल



सीएमओ वी एन सिंह एवं सूरजपुर एसडीम जगन्नाथ वर्मा के द्वारा छेरा पहरा एवं झाड़ू की प्रथम संपन्न कर रथ को आगे बढ़ाया गया। वही रथ का सर्वप्रथम स्वागत उड़ीसा से प्रस्तुत कार्यक्रम जोड़ी संख् के द्वारा घोड़ा नमस्कार कर रथ को खींचने की परंपरा प्रारंभ की गई। गौरतलब है कि गत 8 वर्षों से विश्रामपुर में संचालित महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ यात्रा में प्रत्येक वर्ष जन सैलाब बड़ता जा रहा है, आज के इस रथ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और रथ को खींचते हुए बस स्टैंड, बस स्टैंड से अंबेडकर चौक, वापस अंबेडकर चौक से भटगांव रोड होते हुए मौसी मा मंदिर सरस्वती मंदिर (गुंडिचा मंदिर) में देर रात 9:00 बजे महाप्रभु को पहुंचाया गया। इस बीच जगह-जगह सभी समाज के द्वारा रथ का स्वागत किया गया एवं रथ यात्रा में शामिल भक्तों को पानी, शरबत, चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई।

### भक्तों की भीड़ ऐसी कि तय समय से विलंब पहुंचे मौसी के घर

गौरतल है कि प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या की वजह से एवं जगह-जगह स्वागत की वजह से इस वर्ष तय समय से काफी देर के बाद महाप्रभु जगन्नाथ जी को मौसी के घर पहुंचाया गया। वहीं तेज बारिश के बीच भी भक्तों ने नहीं छोड़ी महाप्रभु की डोर। झमा झम बारिश में भी भीगते हुए महाप्रभु को पहुंचाया मौसी के घर। जगह-जगह भक्तों ने अपनी भक्ति भाव का परिचय देते हुए उमंग से झूमते रहे, वहीं उड़ीसा से प्रस्तुत कार्यक्रम जोड़ी संख रहा मुख्य आकर्षण का केंद। जिसमें नंत शेषनाग, आनंद सयन, घोड़ा प्रणाम सहित विविध आयोजन ने भक्तों का मन मोह लिया! कार्यक्रम को सफल बनाने मैं समाज के संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, कोषाध्यक्ष अलंकार नायक, सचिव प्रभाकर स्वाई, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रधान, शह सचिव अक्षय साहू, सहित सेनापति प्रधान, त्रिनाथ देवीरी, संतोष बिसवाल, प्रदीप त्रिपाठी, सूरज शेट्टी, विद्याधर साहू, राजन आदि एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता, रीता त्रिपाठी प्रभासिनी नायक, कुन्नी का सफल योगदान रहा।

### पारंपरिक प्रथा अनुसार राजा ने लगाया झाड़ू

ज्ञात हो की उड़ीसा पुरी धाम में प्रत्येक वर्ष सर्वप्रथम क्षेत्र के राजा के द्वारा झाड़ू लगाकर रथ को रवाना करने की परंपरा युगों युगों से चलती आ रही है। इसी परंपरा के तर्ज पर रविवार को सरगवा राजा बिंदेश्वर शरण सिंह देव के द्वारा रथ के सामने झाड़ू की प्रथम पारंपरिक प्रथा को संपन्न कर रथ को आगे बढ़ाने की विधान को संपन्न किया गया, प्रत्येक वर्ष जगन्नाथ मंदिर में राजा बिंदेश्वर शरण सिंह देव के द्वारा इस परंपरा को संपन्न किया जाता है।

### आगामी सोमवार को होगा बाहुडा यात्रा

इस संबंध में समाज अध्यक्ष विशाल स्वाई के द्वारा बताया गया कि आगामी 11 जुलाई दिन गुरुवार को महालक्ष्मी यात्रा का आयोजन किया जाना है जो मंदिर प्रांगण से निकलकर महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ तक जाएगा और रथ को पारंपरिक तौर से तोड़ने के पश्चात महालक्ष्मी यात्रा संपन्न किया जाएगा। इसके पीछे की पारंपरिक कथा है कि महाप्रभु के बिना बताए घर से निकलकर मौसी के घर चले जाने से नाराज महालक्ष्मी अपने पति के रथ को तोड़ने के लिए निकलते है! वही सोमवार 15 जुलाई को बाहुडा यात्रा संपन्न किया जाना है, जो दोपहर 1:00 बजे आरटीआई कॉलोनी स्थित सरस्वती मंदिर (गुंडिचा मंदिर) से निकलकर बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौक एवं पुनः अंबेडकर चौक से बस स्टैंड होते हुए मंदिर प्रांगण तक जाएगा, जिसे बहुदा यात्रा वापसी यात्रा कहा जाता है ,तत्पश्चात संध्या 6:00 बजे से संपूर्ण क्षेत्र के भक्तों के लिए महाप्रभु जगन्नाथ जी का महाप्रसाद आयोजित किया गया है जो लगातार रात्रि 11:00 बजे तक जारी रहेगा।

# लोगों को नहीं मिल रही है बिजली, आ रहा है ज्यादा बिल : अशोक

## विद्युत कटौती पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के नेतृत्व में प्रदेश भर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रही है। बिजली में कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस एम सी बी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने साय सरकार ने जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि, बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से हर कोई परेशान है। लोगों को बिजली मिल नहीं रही, बिल ज्यादा आ रहा है। बिल देखकर 440 वोल्ट का झटका लग रहा है। इसके विरोध में कांग्रेस



कार्यकर्त्ताओं के साथ आमजन एमसीबी जिले के सभी ब्लॉकों में प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर सरकार नहीं सुधरी तो ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि साय सरकार में सांय-सांय बिजली कटौती हो रही है।

**किसी भी विभाग में नहीं चल रहा है ठीक से काम** -राजस्व पखवाड़े में पटवारियों की हड़ताल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि, सभी विभागों में यही स्थिति बनी हुई है। कौन सा विभाग ऐसा है जहां काम ठीक से चल रहा है। हर विभाग में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है और आए दिन हो रही हत्या लूट की घटनाओं से लोग त्रस्त है। जीएसटी विभाग व्यापारियों को प्रताड़ित कर रहा है। पूरे प्रदेश में प्रशासन की ऐसी ही स्थिति है। जिले के खड़गवा, कोटाडोल, भरतपुर, चिरमिरी में कांग्रेसी धरने पर बैठे हैं। इनमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल है। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के तहसीलदार कार्यालय के नजदीक भी प्रदर्शन किया गया है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं कांग्रेस कार्यकाल में बिजली व्यवस्था, बिजली बिल हाफ जैसी योजनाओं के बारे में जनता को बताया । जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों समेत सभी ब्लाक अध्यक्षों को पहले ही निर्देश जारी किए थे।

# शिक्षा अभियान में बालिकाओं को पाठ्य सामग्री दी जीई फाउंडेशन ने

## संजीवनी बालिका छात्रावास में आयोजन, छात्राओं से जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने आह्वान

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

'सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) ने संजीवनी बालिका छात्रावास में अपने शिक्षा अभियान का दूसरा चरण पूरा किया। इसके अंतर्गत सभी छात्राओं को नोटबुक, स्टेशनरी के सामान और नए दाखिला लिए छात्राओं को स्कूल बैग दिए गए। इस दौरान राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) और लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ)-2024 के लिए चयनित हुई छात्राओं का अभिनंदन किया गया। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लै ने बताया कि इन चयनित छात्राओं के साथ-साथ





प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं को अगस्त माह में सम्मानित करेंगे। समग्र शिक्षा अभियान के सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) जे. मनोहरन ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। जीई फाउंडेशन के मनीष टावरी ने कहा कि उनकी संस्था सेवाकार्य के लिए सदैव तत्पर है और भविष्य में भी संजीवनी हास्टल की छात्राओं के लिए हर संभव पहल की जाएगी। डॉ हेमा कुलकर्णी ने छात्राओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन का संघर्ष के बारे मे जानकारी देते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान की सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) गीता शर्मा, हॉस्टल वार्डन धनेश्वरी साहू और जीई फाउंडेशन से डॉ. ज्योति पिल्लई, डॉ हेमा कुलकर्णी, मोनिका सिंह, सुरुचि टावरी, प्रकाश देशमुख और दिलीप राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# निगम ने लोगों से संग्राहक वाहन में ही कचड़ा डालने की अपील

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में शहर को साफ करने के लिए आज निगम स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा वार्ड क्रमांक 57 उरला संगम चौक,वार्ड क्रमांक 04 गया नगर और सिविल लाइन मानव भवन के पास सहित वार्ड 20 क्षेत्र के अलावा आदि स्थानों पर पूरा मुक्कड़ की सफाई करके जीवीपी सफाई स्थानों पर NO GVP POINT खुले में कूड़ा फेंकना दण्डनीय अपराध है ऐसा करते पाए जाने पर कार्यवाही की जावेगी की चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। अब सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने पर, पकड़े गए तो लग सकता है जुर्माना कहीं भी कचरा फेंक देते हैं तो अब जरा संभल जाएं।ऐसा करने पर आपको 500 से 1000 रुपये



तक जुर्माना देना पड़ सकता है। नगर निगम की ओर से ऐसा प्रावधान पहले से ही है।अगर आप खुले में कहीं भी कचरा फेंक देते हैं तो जरा संभल जाएं। हम सुधरें तो शहर सुधरेगा,नगर निगम के लोगों से संग्राहक वाहन में ही कचड़ा डालने की अपील की गई सख्ती से सुधारने में जुटा नगर निगम खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है।लोगो के दौरा इधर-उधर कचरा फेंकने से साफ की जगह गंदा हो रहा शहर।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा लोगो से अपील में कहा कि सड़क के किनारे लगाने वाले फल दुकानदार फलों का छिलका डस्टबिन में डाले, सड़क किनारे न फेंक।

# भूतपूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की 17वीं पुण्यतिथि पर एक परिचर्चा का आयोजन सोमवार की सुबह जेपी प्रतिष्ठान एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी और आयोजक भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति और चंद्रशेखर फाउंडेशन के संयोजक आरपी शर्मा सहित समस्त लोगों ने स्व. चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर परिचर्चा का विषय '2024 के जनादेश का आशय' रखा गया था। विषय प्रवर्तन और अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक आर पी शर्मा ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने बताया



दिया कि व्यवस्था तानाशाही से नहीं चलेगी और लोकतांत्रिक व्यवहार ही देश को आगे लेकर जाएगा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि स्व. चंद्रशेखर को युवा तुर्क यूं ही नहीं कहा जाता था बल्कि संसद और संसद के बाहर उनकी मुखरता ने उनकी अलग पहचान बनाई। कुरैशी ने कहा कि '2024 के जनादेश का आशय' यही है कि हम लोकतंत्र और संविधान का सम्मान करें। इससे परे किसी तानाशाही व्यवस्था को थोपने का अंजाम लोकतंत्र के लिए घातक होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान के आसन्न खतरों से स्व. चंद्रशेखर ने भी आगाह कराया था और हमें सावधान रहना होगा।

# युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम ने पूरे किए एक वर्ष, जिला प्रशासन के साथ सामाजिक योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन दुर्ग, यूनिसेफ छ.ग एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त पहल कार्यक्रम युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम ने अपने पहले वर्ष की सफलता के साथ एक नया मील का पत्थर छू लिया है। इस कार्यक्रम की शुरुवात 7 जुलाई 2023 को हुई थी इस कार्यक्रम में अभी 700 से अधिक स्वयंसेवकों ने जुड़कर जिले में विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर जिला प्रशासन का सहयोग किया है। कार्यक्रम के दौरान, युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भागीदारी, किशोर किशोरी स्वास्थ्य, नशा मुक्ति में समुदाय को जोड़कर कार्य, माहवारी स्वच्छता, मतदान जागरूकता, और पौधा रोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर 200 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। उनके समर्पण और निरंतर प्रयासों से जिले में इन क्षेत्रों में



महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के अभियान ने लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में मदद की। आओ बात करे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कारण लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जगरूकता बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित अभियानों में युवोदय युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा दिया। किशोर किशोरी स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को कम करने में मदद की। नशा मुक्ति अभियानों में नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। मतदान जागरूकता अभियानों में लोगों को अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के प्रति प्रोत्साहित किया। पौधा रोपण अभियानों ने हरित जिले के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।शिक्षा के क्षेत्र में आज क्या सिखा और पढ़ाई का कोना के बारे में स्वयंसेवकों के द्वारा स्कूलों में जाकर शिक्षकों के मदद से छात्र-छात्राओं को जानकारी दिया जा रहा है।

# कर्बला के शहीदों की याद में बीतेंगे 10 दिन, तैयारियां शुरू, मुहर्रम के 10 दिनों में तकरीर, लंगर, अलाव, अखाड़े और ताजियादारी के साथ स्वास्थ्य शिविर व सम्मान समारोह भी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

कर्बला में हक के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों की याद में एक से दस मोहर्रम यानि 08 जुलाई सोमवार से 16 जुलाई मंगलवार तक शहर में कई आयोजन होंगे। इन 10 दिनों में तकरीर, लंगर, अलाव, अखाड़े और ताजियादारी के साथ स्वास्थ्य शिविर व सम्मान समारोह की भी तैयारी है। मुहर्रम के आयोजन से पहले रविवार की शाम से अलग-अलग अंजुमनों में तैयारियां शुरू हो गईं। वहीं शिया समुदाय के इमामबाड़े में भी मुहर्रम की तैयारियां चल रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में अंजुमनों ने करबला के शहीदों की याद में अलम (झंडा) लगाया और 10 रोज के मुहर्रम की शुरुआत की। इसी तरह अखाड़ों में करतब के लिए अभ्यास शुरू हो गए हैं। वहीं ताजियेदार इस साल भी अपने-अपने ताजिये बनाने में जुट गए हैं। इस बार भी शहर में उत्तर प्रदेश-बिहार से कारीगर आए हुए हैं, जो आकर्षक और कलात्मक ताजिए बना रहे हैं। अंजुमन





शहीदीया सुपेला चौक इमामबाड़े में रविवार को फातिहा ख्वानी के बाद मुहर्रम की शुरूआत हुई। यहां अंजुमन से जुड़े नौजवानों ने अखाड़े की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं 10 दिन तक जगह-जगह लंगर भी होगा। सूफी संत बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि की खानकाह ग्राम बीरेभाठ नंदिनी एयरोड्रम के पास मुहर्रम पर आयोजन होंगे। इनमें 7 मुहर्रम को अलम (झंडा) लगाया जाएगा और कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की जाएगी। मुहर्रम के मौके पर अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार भिलाई में हर साल की तरह इस बार भी कई आयोजन होंगे। अंजुमन कमेटी के सदर हुसैन अली अशरफी ने बताया कि इस साल पैगंबर हजरत मुहम्मद के वंशज आले नबी औलादे अली फर्जंद ए गौसे आजम हुजूर हजरत सैयद आलमगीर अशरफअशरफी उल जिलानी की सरपरस्ती में सारे आयोजन होंगे। इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा सड़क 20 जोन--1 खुर्सीपारा भिलाई में जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला 1 से 9 मुहर्रम तक रखा गया है। 8 जुलाई से 16 जुलाई तक होने वाले इस आयोजन में हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती कलीमुल्लाह खान रिजवी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश तकरीर करेंगे। इस इजलास की कयादत हाफिज महमूद रजा, मौलाना जाकिर रजा, हाफिज मोहम्मद इमरान, हाफिज व कारी खालिद नूरानी मक्का मस्जिद निजामी चौक, हाफिज अब्दुल कुद्दूस, मौलाना मोहम्मद इसरार, मोहम्मद आरिफ अशरफ मौलाना शहजाद आलम, हाफिज महमूद गौहर करेंगे।

## स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने दिया आवेदन, खुर्सीपार निवासी वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में भाग लेने फंड की मांग'

# मजदूरों ने अपना मेहनताना दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार, आवेदन लेकर पहुंचे मजदूर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 171 आवेदन प्राप्त हुए। खुर्सीपार निवासी वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में भाग लेने फंड की मांग की। उक्त चौम्पियनशीप का आयोजन यूरोप में अगस्त माह में होने वाला है। इसके पहले महाराष्ट्र एवं मथुरा में आयोजित नेशनल एंड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर चुकी है। इस वर्ष भी चौम्पियनशीप में भाग लेना चाहती है लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बजट वहन करने में असमर्थ है। चौम्पियनशीप में भाग लेकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करना चाहती है। इस हेतु फंड के लिए आवेदन दिया। ग्राम कौही निवासी आवेदिका ने शारीरिक एवं मंद बुद्धि के चलते पेंशन राशि हेतु आवेदन दिया। अपने पिता के साथ पहुंची आवेदिका, जो कि शारीरिक एवं मंद बुद्धि से ग्रस्त है। पिता ने बताया कि पेंशन राशि के लिए ग्राम







पंचायत कौही आवेदन दिया गया था, किंतु आज दिनांक तक इसका लाभ प्राप्त नही हो पाया है। इस पर दोनों ही प्रकरणों में कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। मजदूरी पैसा दिलाने आवेदन लेकर पहुंचे मजदूरों ने बताया कि ग्राम निपानी मंडी के धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित उपार्जन केन्द्र में हेमाली का कार्य करते है। समिति के नियम अनुसार सभी मजदूर आपसी सलाह से किसी एक के खाते में मजदूरी का पैसा ट्रांसफर होने के पश्चात अपने-अपने हिस्से के बंटवारे की बात हुई थी। मेहनताना की पहली किश्त प्राप्त होने पर सभी ने अपने-अपने हिस्से का बंटवारा किया, किंतु दूसरी किश्त आने पर पैसे मंगे जाने पर पैसा नही देने की बात करने लगे, जिससे सभी मजदूर बहुत परेशान और दुखी हैं। मजदूर गांव वाले कोर्ट कचहरी नही जानते और न ही इतने पैसे भी नही है। इस पर कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को तत्काल परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम परसदा निवासियों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि रोड के किनारे स्कूल संचालित होने के कारण बच्चों का आना जाना लगा रहता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

अ/2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नम्बर 202407083300035

क्रमांक/1129/अ.वि.अ./प्रवा./2024 स.लोहारा, दिनांक 01/07/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण सिल्हाटी को सूचित किया जाता है. कि आवेदक सुरेश साहू पिता फुलेल साहू जाति तेली, निवास का पताः- ग्राम सिल्हाटी, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-सिल्हाटी प.ह.नं.-18, राजस्व निरीक्षक मण्डल सिल्हाटी तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नंबर 272/3, 273/2 रकबा क्रमशः 0.0400, 0.0730 कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.1130 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई एस ब्रिक्स) हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई एस ब्रिक्स) में व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 15/07/2024 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक - 01/07/2024
पेशी दिनांक - 15/07/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सहसपुर लोहारा
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 155639/निविदा सूचना क्रं. 08/वलेलि/2024-25, दुर्ग, दिनांक 05.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **26.07.2024 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम :** दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग के रूदा एनीकट कम काजवे में अपस्ट्रीम एवं डाऊनस्ट्रीम पर प्रोटेक्शन कार्य

अनुमानित लागत : रू. **129.50 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **12.07.2024** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग (छ.ग.)
G-242500894/5 कृते- अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

## संपादकीय

### मोदी-पुतिन बैठक महत्वपूर्ण घटना

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच बैठक उभरती विश्व व्यवस्था में भारत की प्रमुख भूमिका मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रपति पुतिन के बीच बैठक की तैयारी लंबे समय से चल रही थी, पर चुनावों के कारण इसमें विलम्ब हुआ। भारत-रूस संबंध ऐतिहासिक हैं, पर वे विकसित होती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में और महत्वपूर्ण हो गए हैं। फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन टकराव के कारण रूस को अलग-थलग करने के बढ़ते प्रयासों के बावजूद भारत ने इस मामले पर 'तटस्थ' दृष्टिकोण अपना रखा है। भारत ने विवाद के समाधान के लिए संवाद और राजनय की आवश्यकता पर जोर दिया है, पर उसने रूस की सीधे निन्दा नहीं की है। यह दृष्टिकोण भारत की 'गुट-निरपेक्षता' तथा 'रणनीतिक स्वायत्तता' की ऐतिहासिक नीति के अनुरूप है। पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत लगातार रूसी तेल खरीद रहा है। भारत और रूस के बीच लंबे समय से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जिनकी शुरुआत शीतयुद्ध युग से हुई थी। दोनों देशों के बीच मजबूत परंपरागत रक्षा एवं आर्थिक संबंध रहे हैं तथा रूस भारत को प्रमुख सैनिक हार्डवेयर का मुख्य सप्लायर रहा है। विभिन्न राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद ये संबंध बने हुए हैं। इनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष की खोज तथा व्यापार समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। वास्तव में यूक्रेन युद्ध के वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था व सुरक्षा पर दूरगामी प्रभाव पड़े हैं। इस टकराव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों और सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधा डाली है तथा दुनिया भर में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा है। लेकिन अमेरिका से अच्छे संबंधों तथा पश्चिमी दबाव के बावजूद भारत ने रूस से संबंध नहीं तोड़े। तटस्थता का दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने रूस के साथ व्यापार संबंध बनाए रखे जिनमें कम कीमत पर रूसी तेल का आयात बढ़ाना शामिल है।



इस पृष्ठभूमि में मोदी की पुतिन के साथ मुलाकात महत्वपूर्ण है। उम्मीद है कि इसमें व्यापक विषयों पर चर्चा होगी जो भारत-रूस संबंधों की बहुआयामी प्रकृति की परिचायक होगी। ऊर्जा बाजारों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी रूस से दीर्घकालीन ऊर्जा सप्लाई पर बात कर सकते हैं। दोनों नेता वर्तमान और भावी रक्षा उत्पादों के बारे में बातचीत कर सकते हैं जिसमें सैनिक हार्डवेयर की डिलीवरी तथा रक्षा तकनीकों का संयुक्त विकास शामिल है। यह चर्चा का प्रमुख बिंदु हो सकता है। उम्मीद है कि मोदी और पुतिन विकसित होती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था तथा क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। उभरती विश्व शक्ति के रूप में भारत की स्थिति तथा क्षेत्रीय सुरक्षा में उसकी भूमिका को भी चर्चा में प्रमुख स्थान मिल सकता है। बातचीत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता पर भारत का दृष्टिकोण शामिल किया जा सकता है जहां वह चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला कर रहा है। रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए प्रतिबंधों के बावजूद भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है। दोनों देश सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगा कर इसे और विस्तार दे सकते हैं। हालांकि, शायद यह सब अमेरिका को पसंद न आए और वह इससे गुस्सा हो सकता है, लेकिन हर देश अपने हितों को सर्वोच्च महत्व देता है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए भारत द्वारा अपनाई गई संतुलनकारी रणानीति उसे वैश्विक टकरावों में मध्यस्थ की महत्वपूर्ण भूमिका दे सकती है। इससे विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ेगी और वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने में भी उल्लेखनीय भूमिका अदा कर सकेगा।

# पेपर लीक का उचित समाधान

पेपर लीक केवल प्रक्रियागत विफलता नहीं हैं, बल्कि ये परीक्षा व्यवस्था में विश्वास तोड़ते हैं। यह मुद्दा राजनीतिक विभाजनों के पार जाता है तथा इसके लिए व्यवस्था सुधार जरूरी है।



गौरव वल्लभ
(लेखक, प्रोफेसर व राजनेता हैं)




हाल लिया 'नीट' पेपर लीक ने पूरे देश में उथलपुथल पैदा की है। पेपर लीक एक गंभीर मुद्दा है जिसे संवेदनशील व गैर-राजनीतिक ढंग से संबोधित करने की आवश्यकता है। कोई सरकार ऐसी गड़बड़ियों को माफ नहीं कर सकती है तथा उनके समाधान को राजनीतिक लाभ से ऊपर उठ कर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मुख्य कारणों को संबोधित कर सक्रिय उपाय क्रियान्वित किए जाने चाहिए ताकि परीक्षा प्रक्रिया के प्रति निष्ठा सुनिश्चित हो और छात्रों तथा उनके परिवारों में इनके प्रति विश्वास बहाल किया जा सके। पेपर लीक कोई नई बात नहीं है और पहले भी ऐसा होता रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण रूप से इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर उसके समाधानों पर काम करना चाहिए।

यह समझना जरूरी है कि माता-पिता तथा छात्र लीक पेपरों से कैसे प्रभावित होते हैं तथा इसके मूल कारणों को संबोधित कर परीक्षा के प्रति निष्ठा बनाए रखने तथा न्यायोचित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के प्रयास होने चाहिए। पेपर लीक की घटनाओं से परीक्षा व्यवस्था में विश्वास टूटता है जिससे अवैध तरीकों से चयन की गारंटी के प्रति लालच पैदा होता है। यह व्यवहार रोकने, कठोर सुरक्षा उपाय करने, गलत व्यवहार करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करने तथा पारदर्शी व उचित परीक्षा प्रक्रिया के प्रति विश्वास सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि योग्यता-आधारित सफलता का सिद्धान्त लागू किया जा सके। हमें यह अवश्य याद रखना चाहिए कि 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी'-एनटीए की स्थापना एक प्रमुख, विशेषज्ञ, स्वायत्तशासी व आत्मनिर्भर परीक्षा संगठन के रूप में की गई है जो उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए पेवेश परीक्षायें कराती है।

एनटीए का संचालन एक ऐसी समिति द्वारा किया जाता है जिसमें यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष, आईआईटी, एनआईटी व आईआईएम के निदेशक तथा जेएनयू व इग्नू के उप-कुलपति शामिल होते हैं। इनकी निष्ठा पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। लेकिन यहां मुद्दा नीति तथा क्रियान्वयन स्तरों का है और इसके समाधान दोनों स्तरों पर होने चाहिए। इसके लिए कुछ समाधानों का सुझाव दिया गया है। 500,000 से अधिक छात्रों वाली परीक्षाओं के लिए दो चरण वाली व्यवस्था लागू होनी चाहिए जिसमें प्रिलिमिनरी व मुख्य परीक्षायें शामिल हों। यदि उम्मीदवारों की संख्या 2,000,000 से अधिक हो तो जदा कठोर तीन चरणों वाली व्यवस्था लागू होनी चाहिए जिसमें प्रिलिमिनरी, मुख्य चरण 1 व मुख्य चरण 2 परीक्षायें होनी चाहिए। अंतिम मेरिट लिस्ट मुख्य चरण 1 व मुख्य चरण 2 में प्राप्त औसत अंकों के आधार पर बननी चाहिए।

इस दृष्टिकोण के लिए एक समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया होनी चाहिए जिसमें उम्मीदवारों को अनेक स्तरों पर चयन से बाहर करने के लिए न्याय व निष्ठा को महत्व दिया जाए। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए बड़ी संख्या में उमीदवारों का प्रबंधन तथा गलत व्यवहारों का जोखिम घटाना शामिल है। इससे ज्यादा विश्वसनीय परीक्षा प्रक्रिया तैयार होगी। इसके लिए कुछ शहरों या केन्द्रों को संवेदनशील या अत्यधिक संवेदनशील के रूप में परिभाषित करना होगा जैसा कि निर्वाचन आयोग मतदान केन्द्रों के बारे में करता है। ऐसे केन्द्रों को लगातार सीसीटीवी की निगरानी में रखना होगा ताकि परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा बनी रहे, गलत व्यवहार करने वाले हतोत्साहित हों तथा न्याय व पारदर्शिता सुनिश्चित हो। इस सक्रिय दृष्टिकोण से परीक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने में सहायता मिलेगी तथा अनियमितताओं की जोखिम घटेगी। 'चयन परीक्षा' व 'अस्वीकृति परीक्षा' के बीच अंतर स्पष्ट रूप से परिभाषित होना चाहिए तथा इसे दृढ़ता से लागू किया जाना चाहिए। उच्च-जोखिम वाली 'नीट' व 'जेईई' जैसी परीक्षाओं के लिए अस्वीकृति-आधारित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि अयोग्य उम्मीदवारों को अलग किया जा सके। इसका प्राथमिक उद्देश्य उन लोगों को बाहर करना होगा जो आवश्यक मानकों का पालन नहीं करते हैं। इसके लिए पेपर बनाने वालों को विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी ताकि परीक्षायें इस उद्देश्य की प्रभावी रूप से पूर्ति कर सकें। इसमें प्रत्येक प्रश्न एक बाधा की तरह होना चाहिए जिसका उद्देश्य उम्मीदवारों को दो भागों में बांट कर समग्र रूप से उनके ज्ञान और कौशल की परीक्षा करना हो। इस दृष्टिकोण से सुनिश्चित होगा कि केवल सर्वाधिक सक्षम तथा अच्छी तैयारी करने वाले छात्र ही सफल हों। इस उद्देश्य से एक मजबूत क्वेश्चन बैंक, आनलाइन टेस्टिंग तथा एआई-आधारित 'प्राक्टरिंग' होनी चाहिए ताकि परीक्षाओं की विश्वसनीयता बढ़ सके। क्वेश्चन बैंक बनाने में सभी शिक्षकों की सहभागिता तथा कठिन सवालों से टेस्टिंग को ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है। परीक्षा प्रक्रियाओं की निष्ठा बनाए रखने के लिए साइबर-सुरक्षा के वैश्विक मानकों का प्रयोग होना चाहिए। क्वेश्चन पेपर हैंडलिंग के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली का प्रयोग नीट, 2004 जैसे पेपर लीक से बचा सकता है।

न्याय व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी, डिजिटल इन्क्रिप्शन तथा सुरक्षित परिवहन जैसी तकनीकों का प्रयोग जरूरी है। सरकार ने हाल ही में 21 जून को 'पब्लिक इक्जामिनेशन्स प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स एक्ट' की अधिघोषणा जारी की है। यह भारत में परीक्षा व्यवस्थाओं की निष्ठा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कानून में कठोर दंड की व्यवस्था की गई है जिसमें संगठित पेपर लीक और परीक्षा में गलत साधनों का प्रयोग करने वालों के लिए 10 साल तक की सजा तथा एक करोड़ रुपये जुर्माने तक का प्राविधान है। इसका उद्देश्य परीक्षाओं में धोखाधड़ी रोकना तथा जनता का विश्वास परीक्षा प्रक्रिया में बहाल करना है। इससे स्पष्ट संदेश जाता है कि धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा। इस कानून का व्यापक स्तर पर समर्थन किया जाना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य ईमानदार छात्रों तथा उनके कठोर परिश्रम व आकांक्षाओं का सम्मान है तथा इससे सबके लिए उचित व पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित होती है। ग्रेस मार्क व्यवस्था समाप्त की जानी चाहिए क्योंकि यह जवाब देने की गति व सटीकता जैसे मुद्दों पर केन्द्रित है जिससे असंगति और अनुचित लाभ की स्थिति पैदा हो सकती है। परीक्षा संस्थाओं को ग्रेस मार्क देने से बचना चाहिए ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए समान आधार तय हो सके और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता व औचित्य बनाए रखा जा सके।

सरकार द्वारा सात केन्द्रों पर 1,563 छात्रों के लिए फौरन पुन: 'नीट' परीक्षा कराने का निर्णय स्वागत योग्य है। हाल ही में 'नीट' परीक्षा में अनियमितताओं की जांच करने के लिए मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। सीबीआई पूरी गंभीरता से पूरी परीक्षा में धोखाधड़ी की कठोर जांच कर रही है। सीबीआई ने इस जांच के दौरान अनेक ब्रोकरों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व ऐसे अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है जो 'नीट' परीक्षा में पेपर लीक व अन्य धांधलियों तथा धोखाधड़ी में शामिल थे। सरकार की ओर से मामला फौरन सीबीआई को सौंपने की यह त्वरित प्रतिक्रिया उसकी प्रतिबद्धता प्रकट करती है। सरकार परीक्षा प्रक्रियाओं की निष्ठा बनाए रखने तथा सभी छात्रों को समान व न्यायोचित अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के बीच यह सहयोगी प्रयास ऐसी गड़बड़ियों को संबोधित करने तथा परीक्षा व्यवस्था में छात्रों व उने माता-पिता का विश्वास बहाल करने के लिए जरूरी है।

राजनीतिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाने के बजाय उचित परीक्षा नीतियां लागू करना ज्यादा जरूरी है। विपक्षी दलों को विभिन्न मुद्दों पर सहायक समाधान पेश करने चाहिए जिनमें पेपर लीक व परीक्षाओं में धोखाधड़ी शामिल हैं। हमें एकसाथ आकर इन समस्याओं का सक्रिय रूप से समाधान खोजना चाहिए। छात्रों की बेहतरी पर ध्यान देते हुए एक सुरक्षित व पारदर्शी परीक्षा परिवेश बनाना चाहिए जो अकादमिक व कॅरियर लक्ष्यों के साथ ही देश के भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सके।

# जूलियन असांजे की सराहनीय भूमिका

" जूलियन असांजे दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता और मुखबिरों की सुरक्षा के लिए जटिल लड़ाई का प्रतीक बन गए हैं। "



संतोष मैथ्यू
(लेखक, सहायक प्रोफेसर हैं)

हाल के वर्षों में, व्हिसलब्लोअर और प्रेस की स्वतंत्रता पर उनके प्रभाव से जुड़ी कहानी ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया है। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे इस चल रही चर्चा में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं। उनके नवीनतम कानूनी और व्यक्तिगत विकास एक ऐसा दृष्टिकोण प्रदान करते हैं जिसके माध्यम से हम प्रेस की स्वतंत्रता, व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा और राज्य की शक्ति की जटिल गतिशीलता के व्यापक मुद्दों की जांच कर सकते हैं। जूलियन असांजे को 2006 में विकीलीक्स की स्थापना के लिए जाना जाता है, जो राजनीतिक, नैतिक, कूटनीतिक या ऐतिहासिक महत्व की वर्गीकृत, सेंसर की गई या अन्यथा प्रतिबंधित जानकारी प्रकाशित करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक मंच है। विकीलीक्स ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त की जब इसने अमेरिकी सैन्य दस्तावेजों और राजनयिक केबलों का एक संग्रह जारी किया, जिसमें अमेरिकी सरकार की विवादास्पद कार्रवाइयों और नीतियों का खुलासा किया गया। इस कदम ने पारदर्शिता और प्रेस स्वतंत्रता के चैंपियन के रूप में असांजे की प्रतिष्ठा को मजबूत किया, लेकिन साथ ही उन्हें गहन कानूनी और राजनीतिक जांच का लक्ष्य भी बनाया। 2024 के मध्य तक, असांजे यूनाइटेड किंगडम की बेलमार्श जेल में हिरासत में हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहे हैं, जहां उन्हें जासूसी अधिनियम के तहत आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी कानूनी टीम का तर्क है कि असांजे को प्रत्यर्पित करने से दुनिया भर के पत्रकारों के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम होगी, जिससे सार्वजनिक हित में वर्गीकृत जानकारी के प्रकाशन को संभावित रूप से आपराधिक बनाया जा सकेगा। उनका स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय रहा है, जिसमें रिपोर्टें बिगड़ती शारीरिक और मानसिक सेहत का संकेत देती हैं। मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार उनकी रिहाई की मांग की है, जिसमें उनकी हिरासत की कठोर परिस्थितियों और वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता पर संभावित प्रभाव का हवाला दिया गया है। विकीलीक्स पर अपनी कानूनी लड़ाई के अलावा, असांजे को स्वीडन में बलात्कार के आरोपों का भी सामना करना पड़ा है। 2010 में, स्वीडिश अधिकारियों ने बलात्कार सहित यौन दुराचार के आरोपों में असांजे के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। असांजे ने आरोपों से इनकार किया, दावा किया कि वे एक राजनीतिक बदनामी अभियान का हिस्सा थे। उन्होंने 2012 में लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण मांगी, जहाँ वे सात साल तक रहे, जब तक कि 2019 में उनकी शरण रद्द नहीं कर दी गई, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। 2019 में, स्वीडिश अभियोजकों ने जाँच बंद कर दी, लेकिन आरोपों ने असांजे की सार्वजनिक छवि पर छाया डालना जारी रखा।

वैश्विक पत्रकारिता और पारदर्शिता पर जूलियन असांजे के प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता। 2010 में टाइम मैगज़ीन के पर्सन ऑफ़ द ईयर के नाम से नामित, विकीलीक्स के माध्यम से असांजे के काम ने खोजी पत्रकारिता के एक नए युग को प्रेरित किया है। छिपी हुई सच्चाइयों को उजागर करने के लिए तकनीक का लाभ उठाकर, असांजे ने दुनिया भर के पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को शक्तिशाली संस्थानों को चुनौती देने और जवाबदेही की माँग करने के लिए सशक्त बनाया है।

जूलियन असांजे की दुर्दशा एक बड़ी कहानी का हिस्सा है जिसमें एडवर्ड स्नोडेन और चेल्सी मैनिंग जैसे अन्य उल्लेखनीय व्हिसलब्लोअर शामिल हैं। स्नोडेन ने 2013 में वर्गीकृत जानकारी लीक की, जिससे हृस और उसके सहयोगियों द्वारा संचालित व्यापक वैश्विक निगरानी कार्यक्रमों का खुलासा हुआ। वर्तमान में रूस में रह रहे स्नोडेन गोपनीयता और सरकारी पारदर्शिता के पक्षधर बने हुए हैं। पूर्व अमेरिकी सेना खुफिया विश्लेषक चेल्सी मैनिंग ने 2010 में विकीलीक्स को वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेज लीक किए थे। उनके खुलासे में कुख्यात कोलैटरल मर्डर वीडियो शामिल था, जिसमें बगदाद में अमेरिकी हेलीकॉप्टर गनशिप हमलों में नागरिकों की मौत को दिखाया गया था। मैनिंग को 2013 में दोषी ठहराया गया था और 35 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सात साल की हिरासत के बाद 2017 में राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनकी सजा कम कर दी थी। भारत, अपने जटिल सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, मुखबिरों और प्रेस स्वतंत्रता चुनौतियों का अपना इतिहास रहा है। हरियाणा वन विभाग में भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले भारतीय वन सेवा अधिकारी संजीव चतुर्वेदी जैसे मामले भारत में मुखबिरों के सामने आने वाले जोखिमों को उजागर करते हैं। भ्रष्टाचार या गलत कामों को उजागर करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के उद्देश्य से बनाए गए व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट, 2014 के बावजूद, भारत में व्हिसल ब्लोअर को अक्सर उत्पीड़न, कानूनी कार्रवाई और यहां तक कि शारीरिक नुकसान सहित प्रतिशोध का सामना करना पड़ता है। जूलियन असांजे, एडवर्ड स्नोडेन और चेल्सी मैनिंग के मामले प्रेस की स्वतंत्रता और व्हिसल ब्लोअर सुरक्षा के महत्वपूर्ण अंतर्संबंध को दर्शाते हैं। जबकि उनके कार्यों ने निस्संदेह सार्वजनिक जागरूकता और जवाबदेही में योगदान दिया है, उन्हें गंभीर नतीजों का भी सामना करना पड़ा है। ये मामले व्हिसल ब्लोअर और पत्रकारों के लिए मजबूत कानूनी सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सत्य की खोज व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सुरक्षा की कीमत पर न हो।

भारत और विश्व स्तर पर, प्रेस की स्वतंत्रता और व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

जबकि सरकारें राष्ट्रीय सुरक्षा और जनता के जानने के अधिकार के बीच संतुलन बनाना जारी रखती हैं, इन हाई-प्रोफाइल मामलों के परिणाम निस्संदेह भविष्य की नीतियों और पारदर्शिता और जवाबदेही पर व्यापक चर्चा को प्रभावित करेंगे। आपातकाल के दौरान मीडिया अनुपालन के संदर्भ में, लालकृष्ण आडवाणी की टिप्पणी, आपको झुकने के लिए कहा गया था, लेकिन आप रेंगने लगे, आज भी प्रासंगिक है क्योंकि यह समझौता किए गए प्रेस की स्वतंत्रता के खतरों और सत्ता को जवाबदेह ठहराने में पत्रकारिता की अखंडता के महत्व की एक स्पष्ट याद दिलाता है।

## आप की बात

### गैर-जिम्मेदार विपक्ष

**संसद** सत्र के शुरुआती दिनों में ही संसद की कार्यवाही देखने पर पता चलता है कि हमारे अनेक जन-प्रतिनिधि हमारी परेशानियों पर कम और अपने राजनीतिक हितों पर अधिक बोल रहे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जब प्रधानमंत्री सिलसिलेवार जवाब दे रहे थे तब विपक्ष द्वारा लगातार शोरगुल और हुड़दंग मचाकर कार्यवाही बाधित करना संसदीय परंपराओं के साथ उन मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उनको संसद में भेजा है। विपक्ष के नेता जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे राहुल गांधी विपक्षी सांसदों को जोर-जोर से चिल्लाने और आसंदी के निकट आकर हुड़दंग मचाने के लिए खड़े होकर हिदायत देते हुए देखे गए। इससे लगता है कि विपक्ष अपने अधिक संख्याबल का उपयोग सही मुद्दे उठाने के बजाय सिर्फ शोर मचाने और हंगामा करने के लिए ही करना चाहता है। यह प्रवृत्ति भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। विपक्ष शायद लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति द्वारा गैर-जिम्मेदार सांसदों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहा है, ताकि वह फिर अपने प्रति कथित अन्याय पर घड़ियाली आंसू बहा सके। लेकिन उसे समझना चाहिए कि देश की जनता उसके सभी कारनामों को गंभीरता से देख रही है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### कीर स्टार्मर की विजय

**ब्रिटेन** की लेबर पार्टी ने कन्सर्वेटिव पार्टी को जबरदस्त मात दी है। कीर स्टार्मर ने 412 सीट जीत कर रिकार्ड कायम किया है। हालाकि वे 27 साल पहले टोनी ब्लेयर के नेतृत्व में जीती गई 418 सीटों से कुछ पीछे रह गए, मगर इन्होंने भी निसंदेह बहुत कड़ी मेहनत की है। 2019 के चुनाव में लेबर पार्टी को केवल 202 सीटें ही मिली थी। कंजर्वेटिव पार्टी के 14 साल के शासन में ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को भारी झटका लगा था और उसके सार्वजनिक उद्यम खस्ताहाल हो गए थे। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन आदि विभागों के कामगरों को कई बार हड़ताल पर जाना पड़ा था। कंजर्वेटिव पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान ब्रेक्सिट के कारण उठाना पड़ा। इसने न सिर्फ ब्रिटेन को यूरोपियन यूनियन से अलग किया बल्कि व्यापार के मामले में भी यह देश यूरोप में सबसे अलग-थलग पड़ गया। स्टार्मर ने सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के साथ ही अमीरों पर अधिक टैक्स लगाने की बातें चुनाव प्रचार में की थीं। देखना होगा कि वे अपनी नीतियों पर कहां तक अमल करते हैं। हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पराजय के बावजूद ब्रिटेन में भारतवंशियों का कद बढ़ा है और हाउस आफ कामन्स में उनकी संख्या अब 15 के मुकाबले 26 हो गई है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### योगी का योगदान

**योगी आदित्यनाथ** ने प्रमाणित कर दिया है कि सनातन पथ पर चलकर धर्म और मानवता की रक्षा एवं दुष्टों का अंत कैसे किया जा सकता है। इसके बावजूद कुछ नेता जातिगत सोच के चलते उनके विरुद्ध षडयंत्र कर रहे हैं। उनको याद रखना चाहिए कि प्रदेश की जनता योगी को मात्र एक मुख्यमंत्री ही नहीं अपितु मानवता के संरक्षक के रूप में स्वीकार करती है। पिछली सरकारों में कोई भी राजनेता जो काम नहीं कर पाया वह योगी आदित्यनाथ ने अपनी दृढ इच्छाशक्ति और निर्भीकता से पूरे किए हैं । लेकिन विडंबना है कि आज भी भारत के अनेक मंदिरों को पुलिस सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। दूसरे धर्म के कट्टरपंथियों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों में आज भी हिंदुओं को अपने धार्मिक विश्वासों पर चलने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संसद से प्रताड़ित हिन्दू समाज को ही हिंसक कहकर पूरे विश्व में मजहबी कट्टरपंथी समाज का बचाव करने और अपने वोटबैंक के तुष्टीकरण करने वालों की असलियत अब हिंदू समाज को समझनी होगी। इन स्थितियों को देखते हुए आज हिंदू समाज को योगी जैसे अनेकानेक राजनेताओं की आवश्यकता पूरे देश में है। यही योगी आदित्यनाथ का पूरे समाज को योगदान है।

– **दिव्य अग्रवाल**, देवघर

### रेल यात्रियों को कष्ट

**रेलवे** ट्रेनों में लगातार स्लीपर श्रेणी कोच को हटाकर थर्ड एसी और थर्ड एसी इकोनॉमी कोच बढ़ाता जा रहा है। इससे ट्रेनों में स्लीपर कोच और जनरल कोच की संख्या घट रही है। इससे गरीब और सामान्य वर्ग के लोगों को सस्ती यात्रा की सुविधा घटती जा रही है। लंबी दूरी की ट्रेनों में 500 किलोमीटर तक की यात्रा में फिलहाल स्लीपर श्रेणी में 350 रुपये में होती है। जबकि इतनी ही दूरी की यात्रा में इकोनॉमी श्रेणी के लिए यात्रियों को 950 से 1000 रुपये तक देना पड़ता है। स्लीपर श्रेणी की तुलना थर्ड एसी इकोनॉमी में ही 600 से 700 रुपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी के कोच कम होने के कारण स्लीपर श्रेणी में वेटिंग लिस्ट लंबी होती जा रही है। इसके अलावा कम दूरी की यात्रियों के लिए अलग से चलने वाली लोकल ट्रेनों की संख्या भी बहुत कम है। इन्हें बढ़कर कम से कम चौगुना किया जाना चाहिए ताकि एक्सप्रेस ट्रेनों में भीड कम हो। रेलवे आम जनता के लिए एक कल्याणकारी सुविधा है। इसे केवल मुनाफा कमाने वाले उद्यम में बदलना किसी प्रकार उचित नहीं है। इस पर ध्यान देना होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस ने घेरा बिजली दफ्तर

## सोए प्रशासन को जगाने बजाया नगाड़ा

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शहर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस बेमेतरा द्वारा अंचल सहित पूरे प्रदेश मे बिजली की दर मे हुई वृद्धि, अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता का संकट सहित बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर आज बिजली विभाग को कुंभकर्णी नींद से जगाने नगाड़ा बजाकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य मे विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद भी बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है , अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे प्रदेश की आम जनता और किसान परेशान है। पिछले 2 माह से जनता को बढ़ी हुई बिजली बिल थमाया जा रहा है। कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षो मे विपरीत परिस्थितियों मे भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना की शुरुवात की थी जिसका लाभ प्रदेश की 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था, कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी गर्मी के दिनों मे मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से बिजली खरीदकर आम जनता को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती थी, रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए निशुल्क बिजली मिलती थी। सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस बेमेतरा ने कहा छत्तीसगढ़ की भाजपा शासन से ना ही सरकार सम्हल रही है न ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय बिजली भी नही दे पा रही है ऊपर से बिजली उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है, बिजली कटौती और लो वोल्टेज से बेमेतरा नगर सहित गांव की जनता परेशान है। 6 माह मे विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हमने बिजली विभाग और सरकार को इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रर्दशन के दौरान बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, टी आर जर्नादन, जोगेन्द्र छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, रीता पांडे अध्यक्ष शहर महिला कांग्रेस, पार्षद मनोज शर्मा, जया साहू, रानी सेन, धरम वर्मा, राजू साहू, बहल वर्मा, सिद्धिक खान, वाहिद रवानी, गुलजार अली, हरीश साहू, प्रशांत तिवारी, जयप्रकाश साहू, देवशरण गोस्वामी, लक्ष्मी डेहरे, कुमार वर्मा, सीताराम यदु, श्रीराम यदु, ओमप्रकाश साहू, गोलू साहू, बसंत जोशी, गुरेन्द्र वर्मा, रामसंजीवन, गोलू यादव चमरू वर्मा, पप्पू साहू शाहिद, गोलू वर्मा, रिंकू बंजारे सहित अन्य काग्रेस जन उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान बोड़ला में 48 लाख 42 हजार की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए 6 अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा के साथ विद्यालय की छात्राओं ने खुद अपने हाथों से इस नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री शर्मा को प्रतीक चिन्ह भी भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम ध्रुर्वे, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, मनिराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल की बेटियां, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एक सुरक्षित और समर्पित वातावरण प्रदान करेगा, जिससे छात्राएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेंगी। शर्मा ने कहा, यह विद्यालय उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है, और इस विद्यालय का लोकार्पण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में रुपेश कुमार धनंजय कार्यपालन अभि. पी. एच. ई. द्वारा सेजेस बेमेतरा के पहली से आठवीं कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को न्योता भोज के रूप में खीर-पुड़ी, जीरा राइस, मटर पनीर, पापड़, सलाद एवं फल परोसा गया, जिसमें सुनीतू कोठारी वार्ड नं.11 पार्षद, पालकगण, स्कूल के प्रधान पाठिका (माध्यमिक) वर्षा साहू, प्रधान पाठिका (प्राथमिक) अनामिका रंजित एवं शिक्षक गण भी उपस्थित रहें, सभी के द्वारा न्योता भोज को बहुत सराहा गया। स्कूल में बच्चों को नेवता भोज कराया से संबंधित समाचार का तात्पर्य है कि स्कूल में बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया जाना। यह आयोजन किसी खास मौके, जैसे कि नए सत्र की शुरुआत, किसी त्योहार, या किसी अन्य विशेष अवसर को मनाने के लिए किया जा सकता है।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हर साल की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में धूम-धाम से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। बेमेतरा शहर और नेवनारा सुरहोली में आयोजित भव्य रथ यात्रा कार्यक्रम में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेमेतरा जिले के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी भी शामिल हुए।

सैंकड़ों लोगों की भीड़ के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने कंधों पर लेकर चलते हुए योगेश तिवारी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और समस्त देशवासियों तथा बेमेतरा क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उनके साथ बहुत से समर्थक भी उपस्थित थे, जिनमें शामिल हुए थे पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, नरेश राय, यशवंत टंडन, रामनारायण साहू, प्रकाश साहू, दिपक साहू, रंजीत निषाद, लेखराम साहू, लेखराज साहू, लोकेश निषाद, रवि साहू, पंकज साहू, चन्दन साहू, चन्दन यादव, ईश्वर निषाद, गजेन्द्र निषाद, यशवंत साहू, सत्यम साहू, भगवती साहू, पिंटू साहू, बीरेंद्र साहू, चंद्रकान्त, ज़िल्ले सिंग लोहान, ओमप्रकाश साहू सरपंच, तारन यादव, शत्रुहन साहू, मनहरण साहू, बृहस्पति निषाद आदि। योगेश तिवारी ने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव राष्ट्रीय एकता, समरसता और सामाजिक समर्थन का प्रतीक है। आप सभी का धन्यवाद कि उन्होंने इस समारोह में अपनी भागीदारी की।

# विद्युत दरों में वृद्धि और अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ᐸ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के नेतृत्व में आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस कार्य कर्ताओं ने विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती किए जाने का विरोध नगर में विद्युत कार्यालय वार्ड क्रमांक 14 के सामने दोपहर 12 बजे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और नारेबाजी कर प्रदर्शित किया।

**भविष्य में आंदोलन किया जाएगा**

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री उमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, महज 6 महीने हुए हैं। उसमें आप देख देख रहे हैं कि अमूलचूल बिजली बिल में बढ़ोतरी किया गया है। हम इसके विरोध के लिए यहां उपस्थित हुए हैं और हम पूरा कांग्रेस पार्टी की ओर से इसकी निंदा करते हैं। बिजली बिल में जो बढ़ोतरी किया गया है, उसको वापस पहले जैसे करना चाहिए और जो बिजली में कटौती किया जा रहा है, उसे बंद किया जाए। हम आंदोलन के रूप में चेतावनी दे रहे हैं कि अगर सक्षम अधिकारी इस पर यथोचित कार्य नहीं करते हैं तो आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और इसका पूरा उत्तरदायित्व प्रशासन का होगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में 6 महीने की भाजपा सरकार बनते ही आज बिजली में कटौती की जा रही है और बिजली के दर में वृद्धि की जा रही है। 5 साल में जब कांग्रेस की सरकार थी तो एक भी बार बिजली की दर में बढ़ोतरी नहीं हुई और लोगों को हाफ बिजली बिल का फायदा दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य भा.ज.पा. सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के पश्चात भी विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती किए जाने से आमजन, किसानों को आर्थिक संकटों से जूझना पड़ेगा जो कि इस महंगाई के साथ दोहरा कष्ट सहना होगा। इस जन समस्या का समाधान तत्काल शासन करे। नगर में विद्युत कार्यालय वार्ड क्रमांक 14 के सामने दोपहर 12 बजे उमेश साहू जिला ग्रामीण कांग्रेस महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, नगरपालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, पार्षद प्रमोद चंद्राकर, पार्षद थनेश पटेल, नीतू रावते, जानकी ध्रुव, एल्डर मेन ललित राजपूत, रीना साहू, गीतांजलि साहू, उमेश बंजारे, चैन सिंह, रोहित कुर्रे, ईश्वरी साहू, दिलीप साहू, देवल सिंह, हरसुख खोडियार, देवा साहू, कौशल, रुपेश, युवराज साहू, हर्ष सोनकर, सैयद अता उल्लाह खान, आकाश धीवर, तीजू निषाद, दिलीप चौहान, जितेंद्र जोशी, देवेंद्र साहू एवं भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

शासन द्वारा जनहित में जारी विद्युत दरों पर विरोध प्रदर्शन करने कतिपय प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता विद्युत कार्यालय के सामने आए थे। किसी भी प्रकार की अनपेक्षित घटना को रोकने के लिए पर्याप्त स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा। विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से संचालित की जा रही है । कहीं पर लाइन पर सुधार कार्य किए जाने की स्थिति में ही आपूर्ति कुछ समय के लिए रोकी जाती है ।

**सहायक अभियंता कुम्हारी**

# जेवरी में जुआ खेलते हुए आठ लोग पकड़ाया



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम देवरी में जीव खेलते हुए आठ लोगों को पुलिस ने पकड़ा इसके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जेवरी तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं जिस पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी और जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा।

**आरोपी गण का नाम :**

मनोज सिंह वर्मा, जेवरी ,अन्नू ध्रुव, जेवरी , टिकेश्वर साहू, जेवरी ,भागवत साहू, जेवरी, धनी राम साहू, जेवरी ,विजय सिन्हा, जेवरी ,छन्नू देवांगन, बीजाभाट रमेश यादव, बहेरघट थे। मौके पर आरोपीगण से 11850/- रू एवम 52 पत्ती ताश जप्त कर छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक चंद्र देव वर्मा, स ऊ नि संतोष धुर्वे, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक विकास मिश्रा, मेला राम यादव, सतीश वर्मा, देवेंद्र टंडन एवम अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

# सेजस जंजगीरी में वन महोत्सव के साथ नो प्लास्टिक कैंपेन दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ᐸ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सेजस जंजगीरी में शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रस्तावित वन महोत्सव का कार्यक्रम तथा साथ ही नो प्लास्टिक कैंपेन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सहित समस्त शिक्षक स्टाफ व सभी वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रातः ही विशेष प्रार्थना सभा रखी गई जिसमें अंजना राय, वसुंधरा एवं सविता देवांगन, ने वृक्षों के महत्व, लाभ व उनके संरक्षण विषय में बच्चों को जानकारी दी। सभी विद्यार्थी घर से एक-एक पौधा लेकर आए थे, उन्होंने इन पौधों को विद्यालय परिसर में लगाकर उसमें अपने नाम की तख्ती भी लगाए, ताकि वह उन पौधों की अच्छी तरह देखभाल कर सकें। शिक्षक विपुल, हिमांशु, तृप्ति, दर्शना के पर्यवेक्षक में सभी विद्यार्थियों ने वन महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय की प्राचार्या मिनी गोपीनाथ ने भी एक पौधा लगाया तथा पौधे को वृक्ष बनते तक पल्लवित करने तथा जीवित रखने का प्रण भी किया। उन्होंने बच्चों को भी पौधों को जीवित रखने तथा देखभाल करने की बात कही। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव का अर्थ वृक्षों का त्यौहार होता है, यह भारत में जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। 1950 से भारत में यह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है भारत में वन महोत्सव का शुभारंभ कन्हैयालाल मानिक लाल मुंशी (तत्कालीन कृषि मंत्री) ने किया था। अंत में वन महोत्सव की सभी उपस्थित विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# केंद्रीय जांच दलों ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का भौतिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार की महत्वकां योजना जल जीवन मिशन के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण जिला बेमेतरा में केन्द्रीय जांच दल का द्वारा किया गया। दो सदस्यीय दल में व्हाय. के. सिंग (Director DDWS NJJM) एवं एस. परमेश्वरन (Rural Infrastructure Consultant, NJJM) शामिल थे। जिला बेमेतरा में जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण में प्रथम दिवस 06 जुलाई 2024 को ग्राम आन्दू, बालसमूंद एवं अमोरा का निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस 07 जुलाई 2024 को प्रातः 08 बजे जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा से जल जीवन मिशन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर जांच दल द्वारा ग्राम ढोलिया, करचुवा (ख), सैगोना, खुरूसबोड़ (आर.), पदमी एवं मोतेसरा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार केन्द्रीय दल द्वारा जिला बेमेतरा में दो दिवसीय प्रवास के दौरान कुल 9 ग्रामों का निरीक्षण किया गया। जांच दल द्वारा प्रत्येक ग्राम में निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से ग्राम में जाकर ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा, वी डब्लू एस सी के सदस्यों, जल बहिनियों से जल की गुणवत्ता परीक्षण के संबंध में तथा स्वच्छ पेयजल की रखरखाव की जानकारी ली गई। ग्राम वासियों को जल संरक्षण के संबंध में सोखता गड्ढा के निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। पेयजल के संबंध में ग्रामवासियों से उनकी राय एवं समस्या सुनी गई एवं उक्त संबंध में विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में चल रहे प्रत्येक कार्यों जैसे एफएच.टी.सी., उच्च स्तरीय जलागार, क्लोरिनेटर सिस्टम आदि के गुणवत्ता का मुआयना किया गया। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की स्थिति, गुणवत्ता परीक्षण, वाल्वचेम्बर की सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया। जांच दल के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एस.के. बृजपुरिया अधीक्षण अभियंता दुर्ग मण्डल दुर्ग, माल्वे अधीक्षण अभियंता मण्डल रायपुर, रूपेश कुमार धनंजय कार्यपालन अभियंता बेमेतरा, अनिल कुमार लोनारे सहायक अभियंता, संतोष कुमार नायक सहायक अभियंता, रूद्र प्रताप सिंह ध्रुव सहायक अभियंता, दाऊराम बंजारे सहायक अभियंता, एवं उपअभियंताओं तथा अन्य विभाग कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय में तैयार किये जा रहे उच्च गुणवत्ता के पौध नर्सरी



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया, बेमेतरा के डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक फार्म विस्तार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा परिभ्रमण किया गया। डॉ. टुटेजा द्वारा कृषि महाविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न इकाइयों एवं कार्यों का पुरा जायजा लिया गया। उन्होने ब्रीडर सीड प्रोग्राम के तहत सोयाबीन फसल का बारिकी से अवलोकन किया एवं फसलोत्पादन संबंधी सुझाव साझा किये। कृषि महाविद्यालय की नर्सरी युनिट में वर्तमान में टमाटर, मिर्च, एवं गोभी की उच्च गुणवत्ता युक्त नर्सरी तैयार कर रही है। जिसमें टमाटर के 50,000 मिर्च के 10,000 एवं गोभी के 10,000 पौधे तैयार किये गये हैं जो कि महाविद्यालय में बहुत ही कम कीमत पर किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉ. टुटेजा द्वारा नर्सरी युनिट और कचरा से धन प्रोजेक्ट के अंतर्गत अलसी कपड़ा युनिट का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक युनिट की कड़ी मेहनत एवं कार्यकुशलता की सराहना की।

# बिजली कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने बोला हल्ला

## जिले के पांचों ब्लाकों में किया गया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन, साय सरकार में सांय-सांय हो रही बिजली कटौती : संगीता सिन्हा

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जहां बालोद जिले के पांचों ब्लाकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बालोद के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन बालोद जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में सर प्लस बिजली होने के बाद भी राज्य में अघोषित विद्युत कटौती किया जा रहा है, भाजपा की 6 महीने की सरकार में आम जनता त्रस्त हो गई है, संजारी बालोद के लिए जो पूर्ववर्ती सरकार ने राशि जारी किया था उसे निरस्त करने का काम बीजेपी की सरकार ने किया है, जिसे हम विरोध करते हैं। वही संगीता सिन्हा ने बिजली कटौती और वृद्धि पर सवाल उठाया, बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि साय सरकार में सांय-सांय बिजली कटौती हो रही है। वही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान जब नेतागण भाषण दे रहे थे, उस दौरान भी बिजली की कटौती की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित सागर, गोपी हिरवानी, भूषण लाल श्रीवास्तव, उदय राम आरेंद्र, जमील बख्श, देवेंद्र साहू, शंभू साहू, बालक दास मानिकपुरी, धर्मेंद्र रामटेके, उकेश कुमार मरकाम, देव कुमार पटेल, गिरधर लाल चंद्राकर, मोहनीश पारकर, राजेंद्र सोकुटिया, विनोद बंटी शर्मा, संतोष चौधरी, हेमंत कुमार यादव, द्रोणाचार्य साहू, रामचंद्र धृतलहरे, कमलेश श्रीवास्तव, आंचल प्रकाश साहू तीरथ राम रावटे, विमलेश कुमार, प्रेमलाल सिन्हा, पुरेंद्र कुमार देशमुख, येनुराम साहू, सुनील मालेकर, संदीप साहू, मुरलीधर भूआर्य, हरचरण सिंह कत्याल, शेख मतीन, विवेक पांडे, पुराणिक साहू, संतोष धनकर, संदीप साहू, आदित्य दुबे, साजन पटेल, उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी गिरीश चंद्राकर ने कहा कि बिजली कटौती से किसान परेशान है। खेती किसानी के काम में बिजली बंद होने के कारण काफी दिक्कत हो रहा है। रोपाई का कार्य बहुत भी पीछे गया है, बालोद जिले के सेवा सहकारी समितियां में खाद की कमी के कारण भी किसान परेशान है। नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से बालोद के लिए स्वीकृत राशि को रोकने का काम किया जो बालोद के साथ अन्याय है और साथ ही साथ बालोद में बेतहाशा विद्युत कटौती किया जा रहा है। जिसका मंच के माध्यम से पुरजोर विरोध किया गया। कार्यक्रम को कृष्णा दुबे, राम जी भाई पटेल, शारदा सिन्हा, लता कोर्राम, पद्मिनी साहू, अमृता नेताम, राकेश ठाकुर, ने भी संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर प्रहार किया। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रकाश साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में तहसीलदार दीपिका देहारी को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का आभार अनिल यादव ने किया।

# मुख्यालय छोड़ अपने निज निवास से रोजाना आना जाना करते है ब्लाक मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी

## शासन द्वारा बनाए गए समय सीना मे कार्यालय नही पहुंच कोई भी अधिकारी ग्रामीण होते है परेशान

पायनियर संवाददाता जांजगीर.चांपा
www.dailypioneer.com

मुख्यालय छोड़ अपने निज निवास से रोजाना आना जाना करते है ब्लाक मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी। ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह अंतर्गत आने वाले सरकारी विभागो के अफसर इन दिनों अपने मनमर्जी के मालिक बने हुए है और अपने हिसाब से कार्यालय आना जाना करते है जिसके चलते ग्रामीणो को परेशानी का सामना करना पड रहा है सरकारी कार्यालय खुलने के समय मे लोग अपने अपने काम को लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचे जाते है पर बम्हनीडीह ब्लाक मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी है की अपने हिसाब से कार्यालय पहुंचे है जिसके चलते दुर दुर से अपने काम को लेकर आये ग्रामीण परेशान होते अधिकारी के आने का इंतजार करते रहे है पर जिम्मेदार अधिकारी है की 11 से 12 बजे कार्यालय पहुंचते है जब की छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी कार्यालय खुलने सुबह 10 बजे तो वही बंद होने का 5.30 बजे का समय सीमा निर्धारित कर रखा है पर यहां तो सरकार के समय सीमा को ढेंगा दिखाते हुए अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे है।





**कई अधिकारीयो ने सरकारी गाड़ी को बना रखा है अपने आना जाने का साधन**

शासन द्वारा सक्त निर्देश दिया गया है की ब्लॉक मुख्यालय मे निवास कर अपनी ड्यूटी करना है पर बम्हनीडीह ब्लाक मुख्यालय के सभी प्रमुख अधिकारी कर्मचारी अपने निजी निवास से आना-जाना करते है तो वही बम्हनीडीह सीईओ ने तो सरकारी गाडी को ही अपने आने जाने का साधन बना रखा है सीईओ साहब रोजाना सरकारी गाडी से कार्यालय आते हैं जब की गाडी उनके दौरे के लिये अधिग्रहण की गई है पर सरकारी पैसे का डीजल डलवा कर शासन की राशि का खुब दुरुपयोग किया जा रहा है पर सीईओ साहब के इस लापरवाही को रोकने के लिए जिले मे बैठे जिम्मेदार जिला पंचायत सीईओ कलेक्टर का भी इस ओर कोई ध्यान नही है बताया जा रहा है की सीईओ साहब रोजाना मडवा से बम्हनीडीह सरकारी गाडी से आना-जाना करते है।

**महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी का अजीबोगरीब जवाब**

परियोजना अधिकारी मोहम्मद अहमद खान का कहना है की मै बम्हनीडीह मे रहता हूं पर आप को केव बताऊ कहा पास रहता हूं आप को काम क्या है आप आफिस आव फिर बताते है फोन से पता कर के खबर छापते है क्या आप को जो समझ आये ओ लिख दो आप अपनी मर्जी से लिख दो मै अपना निवास केव बताऊ।

**ब्लाक मुख्यालय पर नही रहने वाले अधिकारीयो का यह है कहना**

अभी मै मीटिंग में हूं बाद में बात करता हूं
-कुबेर सिंह उरेती
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बम्हनीडीह

मै जांजगीर चांपा से रोज आना जाना करता हूं बम्हनीडीह में नहीं रहता हूं।
-केशव पटेल खण्ड
पशु चिकित्सा अधिकारी बम्हनीडीह

मै चाम्पा मे रहती हूं वही से आना जाना करती हूं।
-विभा मरावी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा

मै चाम्पा से आना जाना करता हूं बम्हनीडीह मे नही रहता हूं
-भास्कर राठौर एस डी ओ आर ई एस बम्हनीडीह

**इन अधिकारियों के पास फोन तक रिसीव करने तक का समय नहीं**

बम्हनीडीह तहसीलदार देवेंद्र चौधरी और वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी कलीराम पाटले के पास तो फोन रिसीव करने तक का समय नही है।

# सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट, ट्रैक्टर मैकेनिक गिरफ्तार

## तमनार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीते 02 जुलाई को थाना तमनार में जेपीएल पावर प्लांट तमनार में सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाले भुवन लाल जायसवाल द्वारा हुंकराडीपा के रमेश पटेल द्वारा मारपीट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है। रिपोर्टकर्ता भुवन लाल ने बताया कि 2 जुलाई के दोपहर उसकी ठ शिफ्ट में दोपहर 2 से रात 10 बजे तक ट्रैफिक कंट्रोल में ड्यूटी थी, इसके सोनू कुमार भी साथ ड्यूटी पर था। रात्रि करीब 9 बजे रमेश पटेल शराब पीकर आया और अनाप-शनाप कहते हुए गाली गलौज कर कुर्सियों को तोड़ने लगा मना करने पर डंडे से इसे और सोनू को मारपीट किया, मारपीट की रिपोर्ट पर तमनार थाने में आरोपी रमेश कुमार चैधरी पर अपराध धारा 296, 351(2),115(2), 324 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आहतों का मेडिकल कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट में आहट सोनू कुमार के चोट में फैक्चर होना लेख है प्रकरण में धारा 118(2) ठछै जोड़ा गया तथा फरार आरोपी ट्रैक्टर मैकेनिक रमेश चौधरी की पतासाजी किया गया जो गांव से फरार था जिसे मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी रमेश कुमार चैधरी पिता स्वर्गीय गजाधर चौधरी उम्र 38 साल निवासी हुंकराडीपा थाना तमनार को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।



## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**जैजैपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर, जिला सक्ती अंतर्गत आगनबाड़ी केन्द्र फुलवारी चौक जैजैपुर, सलनी धनुहारपारा, गुडरूकला एवं सिरली सराईपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत् 08 जुलाई 2024 तक मुनादी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय जैजैपुर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 09 जुलाई 2024 से 23 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय 11 से 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर, जिला सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। शासकीय अवकाश के दिन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में विज्ञापन सहित अन्य अधिक जानकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

# जिले के राजपुर क्षेत्र मे अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

अघोषित विद्युत कटौती और बिजली बिल की दरों में हुई वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन उपरांत राज्यपाल के नाम तहसीलदार एवं यशवंत कुमार को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजपुर के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के गलत नीतियों के कारण आम जनों और किसानों को हो रही परेशानी को लेकर ब्लॉक स्तर पर कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम सौंप गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने मांग की है की खेती किसानी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली घोषित कटौती जग जाहिर है लगातार हो रही है घोषित कटौती से आम जान काफी परेशान हो चुके हैं, विद्युत कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है और विद्युत आपूर्ति भी नियमित रूप से पूरे दिन नहीं हो रही है छत्तीसगढ़ में विद्युत दलों में बेतहाशा बढ़ोतरी से सभी वर्ग के लोगों को भारी बोझ का सामना करना पड़ रहा है बिजली बिल की बढ़ी हुई दरें और अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने की मांग कांग्रेसियों ने की है और राज्यपाल महोदय को सरकार को निर्देश प्रदान करने का निवेदन किया है। ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व जिला प्रवक्ता सुनील सिंह, महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, खोरेन खलखो,अर्जुन यादव, विकास यादव, देवबलि टेकाम आदित्य विभु सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# न्यायालयीन कार्य बाधित करने वाला आरोपी गोविंद प्रधान गया जेल

## परिवार न्यायालय में न्यायमित्र से अभद्रता

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

परिवार न्यायालय रायगढ़ के प्रस्तुतकर प्रबोध टोप्पो द्वारा थाना चक्रधरनगर में आरोपित गोविंद प्रधान पर न्यायालय के अंदर न्यायमित्र के साथ अभद्रता करने तथा न्यायालयीन कार्य बाधित करने के संबंध में कार्रवाई को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया। आरोपी के विरूद्ध प्राप्त आवेदन अनुसार कल परिवार न्यायालय रायगढ में धारा 125 के अंतर्गत प्रकरण में आवेदिका एवं अनावेदक गोविन्द परधान उपस्थित होना था। दोपहर करीब 03:15 बजे आवेदिका साक्ष्य हेतु न्यायालय में अपने न्यायमित्र आशीष कुमार मिश्रा के साथ उपस्थित हुई। इसी दौरान उभयपक्ष को समझाईश दिया जा रहा था। इसी दौरान अनावेदक गोविन्द प्रधान के द्वारा आक्रोशित होकर आवेदिका के न्यायमित्र आशीष कुमार मिश्रा को गुस्से में आकर उगली दिखाते हुए बदतमीजी से बात किया गया और जोर-जोर से चिल्लाने लगा। अनावेदक के कृत्य से न्यायालय का कार्य बाधित हो गया है तथा न्यायालय के अंदर गंभीर कृत्य है। साथ ही न्यायालय के गरिमा पर विपरीत प्रभाव पड़ा। आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में आरोपित गोविंद प्रधान पर धारा 221, 267, 332(ब), 351(2) बीएनएस एवं न्यायालय अवमान अधिनियम 1971 की धारा 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी गोविंद परधान पिता गणेश परधान 46 वर्ष निवासी चांदमारी थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया। न्यायाधीश द्वारा आरोपी के कृत्य पर जेल वारंट जारी किए जाने पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी गोविंद प्रधान को जेल दाखिल किया गया है।



# देर रात परेशान भटक रही महिला को पुलिस व डायल 112 ने मिलाया परिजनों से

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रात गस्त दौरान डायल 112 कमांड कंट्रोल रायपुर से कोतरारोड़ राइनो को गोरखा क्षेत्र में गुम महिला (28 साल) मिलने का इवेंट मिला। कोतरारोड राइनो में कार्यरत आरक्षक घनश्याम सिदार और ईआरवी वाहन चालक मौके पर पहुंचे। महिला से उसके नाम, पता पूछताछ पर महिला के बातचीत से महिला परेशान और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगी। आरक्षक घनश्याम सिदार द्वारा थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को इवेंट से अवगत कराते हुए बताया कि महिला कभी चन्द्रपुर, कभी परसदा की रहने वाली हूं बता रही है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा रायगढ़ और चन्द्रपुर के ग्राम परसदा के सरपंच को महिला की तस्वीरें शेयर कर जानकारी लिया गया जिसमें ग्राम सरपंच ने महिला को उसके गांव की नहीं होना बताएं। देर रात थाना प्रभारी और स्टाफ चंद्रपुर आसपास के गांव में महिला की तस्वीरें शेयर कर गांव के प्रमुख लोगों से महिला के संबंध में पूछताछ किया गया तथा महिला को सखी सेंटर रूकने की व्यवस्था कराये, तभी ग्राम गोपालपुर, थाना चन्द्रपुर के रहवासी ने महिला को उनके गांव की होना बताया। महिला के परिजनों से संपर्क कर थाना कोतरारोड़ बुलाया गया और महिला को सखी सेंटर से थाना लाये। महिला के परिजनों के थाने आने पर पूछताछ किया गया।



# जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा जैजैपुर में निकली



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पूरे देश में भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजा अर्चना की जा रही है इसी परिपेक्ष में नगर पंचायत जैजैपुर के गणेश चौवरा से भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी की रथ यात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग जैजैपुर के पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड, मंडली चौक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर एवं मुक्ता मार्ग से पुनः वापस हुआ जानकारो का कहना है कि भगवान जगन्नाथ स्वामी काढा पीकर स्वस्थ होकर नगर भ्रमण करने के लिए निकले हैं उसमें बाजे गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की जगह-जगह जयकार एवं पूजा अर्चना के साथ कीर्तन मंडली साथ में चल रही है। माताओ ने जगन्नाथ स्वामी की रथ रुकवा कर उनकी पूजा अर्चना कि। रथ को खींचने के लिए प्रमुख रूप से अध्यक्ष नगर पंचायत जैजैपुर सोनसाय देवांगन अभिषेक सोनि, डिगम्बर साहू साथ अनेक श्रद्धालुओ के साथ बच्चों ने भी रथ का आनंद लिया रख में पंडित लखन लाल शर्मा दिखाई पड़े जो की गली-गली भगवान जगन्नाथ स्वामी की जयकार गुंजता रहा। इस तरह से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा नगर पंचायत जैजैपुर में बड़ी धूमधाम से निकाल गई। हर वर्ष जब भी जगन्नाथ स्वामी की यह रथ यात्रा निकलति है तो वर्षा जरूर होति है। सोनसाय देवांगन ने नगरवासियों को जगन्नाथ स्वामी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दल से भटका दंतैल सप्ताह भर से गांव-गांव घूमकर मचा रहा उत्पात

- बंगुरसिया में एक किसान की बाड़ी में घुसा और फिर नर्सरी में भी किया नुकसान

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ वन मंडल में इन दिनों हाथियों का उत्पात जारी है। क्षेत्र में बीते सप्ताह भर से अधिक समय से अपने दल से भटका एक दंतैल हाथी गांव-गांव घुमकर ग्रामीणों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसी क्रम में बीती रात एक दंतैल हाथी ने नर्सरी पहुंचकर न केवल पौधों को नुकसान पहुंचाया बल्कि वहां मौजूद एक नवनिर्मित मकान को भी क्षति पहुंचाया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल के बंगुरसिया गांव में इन दिनों 15 से अधिक हाथी विचरण कर रहा है। इस दल में से भटककर एक दंतैल हाथी बीते सप्ताह भर से अधिक समय से जुनवानी गांव पहुंचकर वहां के किसानों के घरों को ढहाते हुए घर के अंदर रखे धान व चावल को चट किया है। साथ ही साथ किसानों की सब्जी फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। दो दिन पहले भी रात के समय इसी हाथी के बंगुरसिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच जाने से वहां अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। दो घंटे के मशक्कत के बाद इस हाथी को वापस जंगल की तरफभगाया जा सका तब जाकर गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बीती रात तकरीबन बंगुरसिया गांव के एक बस्ती में एक किसान की बाडी में यही हाथी पहुंच गया और वहां हाथी ने कटहल और केले की फसल को नुकसान पहुंचाया है। एक अन्य जानकारी के मुताबिक बंगुरसिया गांव में फसल नुकसान पहुंचाने के बाद यह हाथी चक्रधरपुर जा पहुंचा जहां सर्वप्रथम इस हाथी ने वहां के गेट को तोड़ते हुए अंदर प्रवेश किया और फिर भोजन की तलाश में वहां मौजूद नव निर्मित भवन के खिड़की का नुकसान पहुंचाया है। साथ ही साथ नर्सरी में कई पौधों को कुचलकर क्षति पहुंचाया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसान के आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार दल से भटक इस हाथी के हर मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।



# कोलवाशरी में कब्जे की नीयत से बलवा, हिमगिर गैंगवार मामले में दूसरे पक्ष पर भी एफआईआर

- बंटी डालमिया, रवि गुप्ता, पवन शर्मा सहित 40-50 अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले की सीमा से लगे ओड़ीसा प्रांत के हिमगिर थाना क्षेत्र में बीते 4 जुलाई को हुई गैंगवार की घटना का अब दूसरा पहलू भी सामने आ गया है। इस मामले में अब हिमगिर पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित करीब 40-50 अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। इसके पहले हिमगिर पुलिस ने एक पक्ष की रिपोर्ट पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें न्यायालय से जमाना दे दी गई थी। अब दूसरे पक्ष के रिपोर्ट के बाद मामले से जुड़े नामजाद आरोपियों सहित अन्य लोग अंडरग्राउंड हो गए हैं। हिमगिर पुलिस इन आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। दरअसल यह पूरा मामला कोलवाशरी के पार्टनरशीप से जुड़ा है। उड़ीसा प्रांत के हिमगिर थाना क्षेत्र स्थित गर्जन बहाल के भाटिया एनर्जी एंड मिनरल्स फैक्ट्री (कोलवाशरी)में प्रबंधक के रूप में कार्यरत छत्तीसगढ़ रायगढ़ के चक्रधर नगर क्षेत्र के कृष्ण वाटिका निवासी राकेश अग्रवाल पिता रामनाथ अग्रवाल 41 वर्ष ने 6 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे हिमगिर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह फैक्ट्री में प्रबंधक के रूप में कार्यरत है और फैक्ट्री की देखभाल के लिए लगभग 25 लोग लगे हुए थे। गत 4 जुलाई को लगभग चार-साढे चार बजे गोपालपुर निवासी बंटी उर्फ घनश्याम डालमिया रायगढ़ के रवि गुप्ता, सुरेश गुप्ता, पवन शर्मा, पंकज गुप्ता, संदीप शर्मा, तारा श्रीवास के साथ 40 से 50 लोग लाठी तलवार व अन्य हथियारों से लैस होकर एक साथ आए और जबरन फैक्ट्री में घुस गए। साथ ही उन पर हमला कर दिया। राकेश अग्रवाल ने अपनी शिकायत में आगक बताया कि यह सभी एक दिन पहले 3 जुलाई को फैक्ट्री में घुसकर धमकी दी थी, दूसरे दिन यानी 4 जुलाई को वे लोग पूरी तरह से हमला करने की तैयारी से आए थे और तलवार से हमला कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति के कंधे पर वहीं दूसरे पर चाकू से वार किया। जिससे उसके सीने में चोट आयी। तलवार में हुए हमले के कारण घायल को लहुलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमलावरों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए फैक्ट्री के सीसीटीवी और अन्य ढांचे को तोड़ दिया। जिसमें फैक्ट्री प्रबंधन को लाखों का नुकसान हुआ है। यही नहीं फैक्ट्री के बाहर रखे चार पहिया वाहनों में आग लगा दी और प्रबंधक की जेब में रखे 25000 रूपए डरा-धमका कर मारपीट करते हुए लूट लिए।



## सूने मकान में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना घटित करने के संबध में अपराध करना स्वीकार किये

# चोरी करने वाले एवं चोरी का सामान खरीदने वाले सहित 05 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

संजीव साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28.03.24 से 30.03.24 के मध्य रात्रि प्रार्थी के जांजगीर स्थित सूने मकान से कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर अंदर रखे अलमारी के ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसी तरह 10.04.24 को प्रार्थी एकनाथ कर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09-10.04.24 के दरम्यानी रात में प्रार्थी के सूने मकान से कोई अज्ञात चोर अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर को चोरी कर ले गया है। तथा 30.06.24 को प्रार्थिया बिन्दुलता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29-30.06.24 के दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर के द्वारा प्रार्थिया के सुने मकान से सोने चांदी के जेवर को चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध कायम कर विवेचना किया गया। जिले में लगातार सूने मकानों से हो रहे चोरियों की घटना को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात चोर एंव चोरी गये मशरुका के पता तलाश हेतु लगातार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हर संभव प्रयास किया जा रहा था। तथा इसी क्रम में आरोपियों की पता तलास हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में घटना स्थल के आस पास के लगे साक्ष्यों की संकलन एवम साक्ष्यों की मदद से उनका गहराई से अवलोकन किया गया जो घटना दिनांक को एक स्कूटी को बिलासपुर की तरफ से आना और जाने की कड़ी मिलने तथा सायबर साक्ष्यों के मद्देनजर सायबर टीम एंव थाना जांजगीर पुलिस संयुक्त रूप से बिलासपुर गया जिन्होने लगातार तीन दिनों तक मेहनत करने के उपरांत आखिरकार चोरी करने वाले आरोपीगण हर्ष कुकरेजा निवासी बिलासपुर तथा ओम सिंह उर्फ सोनू उर्फ वीर निवासी बिलापुर को हिरासत में लेकर थाना जांजगीर क्षेत्र में हो रहे चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर घटना 30.03.24, 10.04.24 एंव 30.06.24 के दरम्यानी रात्री में हसदेव विहार जांजगीर, रमन जांजगीर एंव शंकर नगर जांजगीर में सूने मकान में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना घटित करने के संबध में अपराध करना स्वीकार किये जिनके द्वारा चोरी किये गये सोने चांदी के आभूषणों को आरोपी हसन मलिक पिता मुबारक मलिक उम्र 35 वर्ष निवासी भारत चौक तालापारा को विक्रय करना तथा हसन मलिक के द्वारा प्राप्त जेवरात को गलाकर नये जेवर निर्माण कर तथा कुछ सोने के बदले चांदी खरीदकर व्यापार में संलिप्त था एंव कुछ जेवरातों को आरोपीगणो के द्वारा आरोपी शेख दिलबर पिता शेख जाकिर उम्र 27 वर्ष निवासी तालापारा बिलासपुर को बिक्री करने हेतु दिया गया जो शेख दिलबर जो कि स्वयं सोना गलाने का काम करता है। उपरोक्त सोने को गलाकर शहर के समीर जगदाले पिता चंद्रकांत जगदाले उम्र 38 वर्ष निवासी गोड़पारा लक्ष्मी स्पोटर्स के पास गली थाना कोतवाली बिलासपुर को दिया गया जो सोने को टंच करने का कार्य करता है जिसके द्वारा इस संबध में रजिस्टर भी तैयार किया गया है जिसमें किसी प्रकार का किससे लिया किसको दिया का लेख नही किया गया है। शेख दिलबर से प्राप्त चोरी के सोने को अच्छा खासा मार्जिम रखते हुये थोड़ा रकम देते स्वय ज्यादा रकम कमाता रहा को भी आरोपीगणों के स्वीकारोप्ती अनुसार हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये है। इस प्रकार सभी आरोपियों को उनके कृत्य के अनुसार प्रकरणो में धारा 413, 120बी भादवि समाहित कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।



# अवैध कबाड़ पर पुलिस की एक और कार्रवाई

## ट्रक में लोड 10 टन अवैध कबाड़ के साथ ट्रक किया जप्त



**रायगढ़।** अवैध कबाड़ पर कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा को मुखबीर से एक ट्रक में अवैध कबाड़ लेकर ड्राइवर स्थानीय प्लांट में खपाने लाये जाने की सूचना मिली। तत्काल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चैंक पूंजीपथरा के पास मुखबीर के बताये ट्रक सीजी 04 एन.क्यू. 1858 को रोक कर चेक किया गया जिसमें भारी मात्रा में लोहे के स्क्रैप लोड थे। वाहन चालक प्रमोद साहू पिता परमेश्वर साहू उम्र 22 साल निवासी डूमरतराई थाना माना रायपुर के पास स्क्रैप परिवहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने से पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ को धारा 35(क)(ड) बीएनएसएस ध् 303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर वाहन में लोड 10 टन स्क्रैप मय ट्रक क्रमांक सीजी एन.क्यू. 1858 को जप्त किया गया तथा आरोपी वाहन चालक प्रमोद साहू पर धारा सदर के तहत इस्तगासा तैयार न्यायालय पेश किया गया है।

# भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ यात्रा लौह नगरी दल्ली राजहरा में धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ यात्रा लौह नगरी दल्ली राजहरा में बड़े धूमधाम से निकाली गई। इस रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए बालोद जिले के कलेक्टर चंद्रवाल विशेष तौर पर दल्ली राजहरा पहुंचे थे द्य रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक आईओसी आर बी गहरवार, नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सोनकर तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सोमन साहू पहुंचे थे। कार्यक्रम में दल्ली राजहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री मदन माईती और महेंद्र सिंह गुड्डू रथ यात्रा के दौरान विशेष रूप से उपस्थित थे। दल्ली राजहरा पूरा भक्तिमय हो गया था द्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की जयकारों के साथ दल्ली राजहरा गूंज रहा था द्य ऐसा लग रहा था कि महाप्रभु जगन्नाथ की नगरी पूरी दल्ली राजहरा में आ गयी हो द्य रथ के आगे लोगों की रस्सी खींचने की होड़ बस्तरिया राउत नाचा के साथ नृत्य करते लोग डीजे में नृत्य करते लोग बहुत आकर्षक लग रहे थे द्य लोगों के भीड़ को देखकर ऐसा नहीं लग रहा था कि इसमें सिर्फ उत्कल समिति के लोगों का ही त्यौहार है द्य जबकि पूरा नगर इसमें समाहित होकर महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा का आनंद ले रहे थे। उत्कल समिति दल्ली राजहरा के द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा की तैयारी पिछले कई दिनों से बड़े जोर शोर से की जा रही थी। इस कार्यक्रम के तहत प्रातः उत्कल समिति भवन में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की गई तथा महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ में सवार कर उन्हें नगर भ्रमण कराया गया जो कि जैन भवन चौक से माइन्स ऑफिस चौक, पेट्रोल पंप से गुप्ता चौक होते हुए बस स्टैंड फौवारा चौक, बीएसपी हॉस्पिटल चौक से राम मंदिर चौक होते हुए गुचिका मंडप प्रस्तावित भगवान जगन्नाथ मंदिर स्थल पहुंचा द्य वहाँ पर समिति के सदस्यों एवं राजहरा के नागरिकों के द्वारा 9 दिन तक महाप्रभु जगन्नाथ भगवान, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना किया जाएगा। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से दल्ली राजहरा के समस्त नागरिकों का, समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों ,विभिन्न समाज के सदस्यों को भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में सम्मिलित होने और सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है तथा उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का भी हम लोग बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं कि उनके सहयोग से महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा शांतिपूर्ण और ऐतिहासिक ढंग से पूर्ण हुआ द्य आगे भी मैं सभी से इसी तरह सहयोग की आशा करता हूं।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम खरहट्टा में प्राथमिक शाला भवन का किया लोकार्पण

## उपमुख्यमंत्री ग्राम खरहट्टा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज बोड़ला विकासखंड के ग्राम खरहट्टा में 11 लाख 48 हज़ार रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण करने के बाद शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम में संचालित स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक प्रबंधन के लिए सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रति अभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण से बच्चों को बहुत लाभ होगा। इससे उन्हें बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति में वृद्धि होगी और वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम ध्रुर्वे, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, मनिराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल की छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

# सुनील श्रीवास्तव बने लॉयन्स क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लॉयन्स क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर का शपथग्रहण समारोह वृन्दावन हॉल में सम्पन्न हुआ, इस आयोजन में मुख्य अतिथि सीएसआर एरिया लीडर नार्थ इन्डिया, चीफ कैबिनेट एडवाइजर पीएमजेएफ लॉयन तिलोक चंद बरड़िया, शपथ अधिकारी कैबिनेट एडवाइजर (फैकेल्टी) एमजेएफ लॉयन सत्येन्द्र शर्मा, विशिष्ठ अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन डा. रिपुदमन सिंह पुसरी, रिजन चेयरपर्सन लॉयन राजेश जैन, जोन चेयरपर्सन लक्ष्मी बुरड़, संयोजक लॉयन राजेश सक्सेना विशेष रुप से उपस्थित हुए। शपथ अधिकारी एमजेएफ लॉयन सत्येन्द्र शर्मा ने अभूतपूर्व ढंग से बॉलीवुड थीम पर शपथविधी करवाई जिसमें प्रत्येक पद के अनुरूप गीतो का विडियो प्रदर्शन किया गया। जिस पर सदस्यगण जम कर थिरके, अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि बरड़िया ने कहा कि अब तक पूरे लायन्स में ऐसा शानदार शपथग्रहण समारोह नहीं देखा, सेल्फी पाइंट, अध्यक्ष का स्वयं खड़े होकर सबका स्वागत, प्रत्येक अतिथि को गिफ्ट, सबका व्यक्तिगत ध्यान रखना इस आयोजन की सार्थकता को सिद्ध करता है, विशिष्ठ अतिथि एमजेएफ लॉयन डा. रिपुदमन सिंह ने आगामी दिनों के कार्यकाल में सेवा गतिविधियों के लिए हर तरह से सहयोग करने का वायदा किया, अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में लॉयन सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि वे अच्छे और सार्थक कार्य करना चाहते है और इसके लिए लॉयन्स के साथ अन्य संस्थाओ को जोड़कर भी काम करेंगे, स्वयं के द्वारा स्थापित संस्था के माध्यम से बहुत सी सेवा गतिविधिया लगातार कर ही रहे है अब अध्यक्ष होने के नाते दोनो संस्थाओ के साथ संयुक्त रूप से और बड़े स्तर पर काम करेंगे, आगामी दिनों में वो शव-वाहन, पर्यावरण सुरक्षा, परिवार परामर्श, युवाओ की प्रतिभा को सामने लाने के कार्यक्रम, महिलाओ के उत्थान से संबंधित काम पर जोर देंगे।

# गिधौरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार में धारदार हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

थाना गिधौरी पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु ग्राम घटमडवा सिद्धबाबा मंदिर के पास मेनरोड में पुलिस बल के साथ चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। इसी बीच चेकिंग के दौरान एक ईको वाहन क्र. CG25 J2301 को रोका गया। कार में ड्राइवर सहित दो व्यक्ति बैठे मिले। पुलिस टीम द्वारा जब कार का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, तो कार के अंदर दो नग लोहे का धारदार हथियार गंडासा मिला, जिसे मौके पर जप्त किया गया है। कार में सवार दोनों व्यक्तियों से हथियार रखने के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें दोनों के द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। कि प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र 135/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के क्रम में आरोपियों से एक ईको कार CG25 J2301 एवं उसमें मिले 02 नग धारदार गंडासा हथियार को जप्त किया गया है तथा दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम राजेंद्र कुमार उम्र 25 साल निवासी गौरेला पेंड्रा शंकर सिंह उम्र 26 साल निवासी गौरेला पेंड्रा।

# सांसद बघेल की निकली आभार रैली, जगह जगह हुआ स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से तौला

## विधायक दीपेश,पूर्व नपा अध्यक्ष सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर की आतिशबाजी



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऐताहसिक जीत के बाद आभार जताने प्रथम बार जिला मुख्यालय आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल का जगह जगह भव्य स्वागत किया । उत्साहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ता ने विधायक दीपेश साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड चौक में सांसद बघेल को लड्डुओं से तौल कर उनका अभिनंदन किए। इस दौरान जहां जमकर आतिश बाजी की गई वही गाजे बाजे की धुन में कार्यकर्ता थिरकते रहे ओर सांसद विजय बघेल जिंदाबाद के नारेबाजी करते रहे। इसके पूर्व सांसद बघेल की भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय की सीमा स्थित सिंघौरी वार्ड से रैली निकाली गई । रास्ते भर सांसद विजय बघेल व भाजपा नेता आम जनों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते रहे।

### जिले ने पिछली बार से अधिक मतों से विजई बनाया, कृतज्ञ रहूंगा : सांसद बघेल

सांसद विजय बघेल ने राममंदिर परिसर में बने मंच से उपस्थित जन समूह के बीच अपने संबोधन में कहा की बेमेतरा जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र से पिछले बार से अधिक मतों से जीत दर्ज कराकर जनता ने उन्हें दोबारा सांसद बनाकर भरोसा कर एक अटूट विश्वास जताया है जिसका में हमेशा ऋणी रहूंगा ओर जनता के इस विश्वास को हमेशा बनाए रखूंगा यह मेरा संकल्प है वही मेरे साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी इस जिम्मेदारी को निभायेंगें । इस दौरान उन्होंने बेमेतरा, साजा नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञ जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सांसद बघेल ने समाज प्रमुखों का किया स्वागत जताया आभार

आभार रैली के पश्चात शहर के राम मंदिर परिसर में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां सांसद विजय बघेल ने विधायक दीपेश साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, राजेंद्र शर्मा, राजीव चौबे,राकेश खिचारिया, राकेश मोहन शर्मा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, रोशन दत्ता की मौजूदगी में साहू समाज, कुर्मी समाज, ब्राह्मण समाज, सिख समाज, मुस्लिम समाज,यादव समाज सोनी समाज, सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज, राजस्थानी मारवाड़ी समाज, सेन समाज सहित अन्य समाज के प्रमुखों जनों को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किए।

# आईसीआईसीआई प्रु आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में मिलता है 'लाइफ कंटिन्यूटी' का विकल्प

ICICI PRUDENTIAL
LIFE INSURANCE

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वितीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है। आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वितीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रु आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प भी देता है।

# मर्सिडीज-बेंज ने भारत में 'पहली छमाही' और 'दूसरी तिमाही' की अब तक की सबसे अच्छी सेल




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हमारे उत्पादों व सेवाओं में ग्राहकों के निरंतर विश्वास के कारण मर्सिडीज-बेंज भारतीय बाजार में सबसे डिज़ायरेबल लक्ज़री ब्रांड बना हुआ है। नए और अपडेट उत्पाद, ग्राहकों के बेहतर रिटेल अनुभव, ईज़ ऑफ ओनरशिप तथा ग्राहकों की सकारात्मक भावनाओं ने पहली छमाही की सेल में हमारा अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन संभव बनाया है। आगामी त्योहारों के लिए हमारे पास सबसे बहुप्रतीक्षित उत्पादों की श्रृंखला है। इसलिए अगली तिमाहियों में हमें यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। ग्राहकों का रुझान तेजी से सस्टेनेबल जीवनशैली की ओर बढ़ रहा है और यह परिवर्तन उनके द्वारा चुने गए वाहन से प्रदर्शित होता है। श्वक्क और श्वक्क्क युवा ग्राहकों पर केंद्रित हैं, जो स्पोर्टी, डायनामिक, अत्यधिक इंट्यूटिव बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पसंद करते हैं, क्योंकि ये व्यावहारिक हैं और पेट्रोल एवं डीज़ल वाहनों के मुक़ाबले बेहतर ओनरशिप का अनुभव प्रदान करते हैं। जहाँ श्वक्क विश्व में मर्सिडीज-बेंज का सबसे सफल बीईवी है।

# एआईसीटीई और ओप्पो इंडिया ने भारत में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के अंतर्गत 5000 स्टूडेंट इंटर्नशिप्स द्वारा ग्रीन स्किल्स के निर्माण के लिए गठबंधन किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) और ओप्पो इंडिया ने अपने 'जनरेशन ग्रीन' अभियान की घोषणा की। इस 100 दिवसीय कार्यक्रम का प्रबंधन वन मिलियन फॉर वन बिलियन द्वारा किया जाएगा, और इसके अंतर्गत भारत के कॉलेजों में युवाओं को 5000 इंटर्नशिप्स के अवसरों द्वारा ग्रीन स्किल प्रदान की जाएगी। लिंक्डइन की ग्लोबल ग्रीन स्किल्स रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, ग्रीन स्किल वाले प्रत्याशियों को नौकरी मिलने की संभावना औसत कार्यबल के मुकाबले 29 प्रतिशत ज्यादा होती है। इस अभियान के अंतर्गत पर्यावरण के प्रति जागरुक कौशल का विकास किया जाता है ताकि विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ाकर उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार किया जा सके। डॉ. टीजी सीताराम, चेयरमैन, एआईसीटीई ने कहा, ''एआईसीटीई को ग्रीन इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए ओप्पो इंडिया के साथ गठबंधन करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह विद्यार्थियों के लिए सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों में योगदान देने और अपने कौशल का विकास करने का एक बेहतरीन अवसर है, ताकि वो पर्यावरण की चुनौतियों से निपट सकें और एक ईको-फ्रेंडली दुनिया के निर्माण में योगदान दे सकें। ओप्पो इंडिया पहली इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग कंपनी है, जो एआईसीटीई द्वारा इंटर्नशिप प्रदान कर रही है। यह अभियान एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 1 करोड़ इंटर्नशिप मिशन का हिस्सा है, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना



कवर्धा। अघोषित बिजली कटौती को लेकर कबीरधाम जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्य म को पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, शिमा अगम अनंत सहित जिला के दिग्गज नेताओं ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार को भारी कोसते हुए विद्युत आपूर्ति नियमित करने की बात कहीं।

**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **धमतरी शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता**- गुलमोहर हाइट्स, शॉप नं.-12, ग्राउण्ड फ्लोर, खसरा नं.-402, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेश्वर, धमतरी, जिला-धमतरी-493773 (छत्तीसगढ़)
**नया पता** - प्रथम फ्लोर, खसरा नं. 7/141, सिद्धि विनाया टावर, विवेकानंद नगर, वार्ड नं. 37, गुरुनानक द्वार, रत्नाभांधा रोड, धमतरी, छत्तीसगढ़, पिन कोड- 493773
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें ।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह-ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060114186510, गजानन्द साहू (ऋणी), श्रीमती यशोदा बाई साहू (सहऋणी) हेमंत कुमार साहू (गारंटर) | 12-जून-24 ₹ 2,95,290/- दो लाख पिच्यानवे हजार दो सौ नब्बे रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 213 (भाग), पीएच नं.14 ग्राम कोचेरा, तहसील गुरूर, जिला बलोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1265.92 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060720675614, वीरा रेस्टोरेंट जरिये प्रोपराइटर जगमीत सिंह (ऋणी), जवलीत सिंह सिंहोत्रा (सहऋणी), जगमती सिंह सिंहोत्रा (सहऋणी), हरदेव सिंह सिंहोत्रा (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 18,80,838/- अठारह लाख अस्सी हजार आठ सौ अडतीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 24, 144 का भाग, मौज पंडारी तराई, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1375 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120721462, लेखराम साहू (ऋणी), श्रीमती भानमती साहू (सहऋणी) | 13-जून-24 ₹ 14,53,744/- चौदह लाख तिरेपन हजार सात सौ चवालीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित खसरा नं. 2811/55 नया (2811/28 पुराना, पीएच नं. 23), अमेरा, जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 2811/54 का भाग, नया (2811/28 पुराना), पीएच नं. 23, अमेरा, बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 80 वर्गमीटर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060124026751, उत्तम कुमार साहू (ऋणी), घासिया साहू (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 15,16,382/- पन्द्रह लाख सोलह हजार तीन सौ बयासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 11, सर्वे नं. 433/2, ग्राम परसादा, तहसील सारंगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.040 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060827333870, उत्तम कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती मधु साहू (सहऋणी), घासिया साहू (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 4,13,706/- चार लाख तेरह हजार सात सौ छः सौ रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 433/2, पीएच नं. 811, आरआई सी हरदी तहसील सारंगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ 496001, क्षेत्रफल 0.04 हैक्टैयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060830752692, उत्तम कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती मधु साहू (सहऋणी), घासिया साहू (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 6,15,879/- छः लाख पन्द्रह हजार आठ सौ उनयासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 433/2, पीएच नं. 811, आरआईसी हरदी, तहसील सारंगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ 496001 क्षेत्रफल 0.04 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060126766938, झनक राम पटेल (ऋणी), मलिक राम पटेल (सहऋणी), नयनमोती पटेल (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 10,56,890/- दस लाख छप्पन हजार आठ सौ नब्बे रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 137/9 ग्राम जामनीदीन, तहसील बसना, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.03 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128624788, सिटी सुपर मार्केट (ऋणी), गुरूचरण सिंह जुनेजा (सहऋणी), विकी सिंह जुनेजा (सहऋणी), हरभजन कौर जुनेजा (सहऋणी) | 13-जून-24 ₹ 20,38,187/- बीस लाख अडतीस हजार एक सौ सतासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 1398-10, नजुल मोहल्ला न्यू महामाया रोड, बरेजपारा, ग्राम अम्बिकापुर, जिला सुरगुजा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 291.2 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060728835245, मंगल देवांगन (ऋणी), प्रियतम देवांगन (सहऋणी), श्रीमती शान्तीबाई देवांगन (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 8,11,720/- आठ लाख ग्यारह हजार सात सौ बीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम खसरा नं. 196/24 एवं पुराना खसरा नं. 196/1, पीएच नं. 105, चंगोराभाटा, कागन करखाना, जिला रायपुर, छत्तीसगढ 492001, क्षेत्रफल 1120 वर्ग फीट |

दिनांक: 08-07-2024
स्थान: छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र......ब/121
ग्राम घोरभट्ठी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परसराम बघेल पिता श्री तुलाराम बघेल ग्राम घोरभट्ठी तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत करन अपने माता मंगतीन के मृत्यु दिनांक 22/09/2009 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17/07/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र/1040/निर्वा./परिसीमन/न.पा. बेमेतरा/2024 बेमेतरा दिनांक 08.07.2024

// प्रपत्र //

**नियम 07 देखिए**
**नगर पालिका क्षेत्र बेमेतरा के वार्डो की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्र को 21 वार्डो में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है, जो अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध मे कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 09.07.2024 से 15.07.2024 (07 दिन) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किये जो सकेंगें।

स्थान-बेमेतरा
दिनांक-08.07.2024

मुहर
(घनश्याम सिंह तंवर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

कमांक/1393/वा/तह./2024 खरोरा, दिनांकः- 27/06/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गैंदलाल पिता तातूराम जाति कोष्टा निवासी ग्राम मुड़पार तहसील खरोरा जिला रायपुर की निवासी है। यह कि आवेदक के हक एवं स्वामित्व कि भूमि ग्राम केशला प.ह.नं. 48 रा.नि.म. व तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 560/10 का रकबा 0.074 हे. भूमि जो आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में ऋणपुस्तिका क्रमांक पी-465294 पर दर्ज है। जिसमें आवेदक निरंतर कास्त काबिज है। उक्त आवेदित भूमि खसरा नंबर 560/10 रकबा 0.074 हे. भूमि वर्ष 2011-12 से 2015-16 में राजस्व अभिलेख में रकबा 0.074 हे. दर्ज चला आ रहा है। परंतु हल्का पटवारी से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि वर्ष 1016-17 से 2020-21 एवं वर्ष 2024-25 के खसरा पांचसाला मे ऑनलाईन रिकार्ड, बी-1, खसरा में त्रुटिवश रकबा 0.063 हे. दर्ज हो गया है। जिससे आवेदक को कृषि संबंधि कार्य करने में असुविधा हो रही है। इसलिय उपरोक्त भूमि खसरा नंबर 560/10 रकबा 0.063 हे. के स्थान पर वास्तविक रकबा 0.074 हे. भूमि दर्ज किये जाने व राजस्व अभिलेख एवं आनलाईन रिकार्ड में दर्ज तथा दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 11/07/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
खरोरा

**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला उत्तर बस्तर-कांकेर**

// अल्प कालिन निविदा //

एन.आई.टी.क्रमांक/14 से 20/जि.नि.सं./निविदा/2024-25 कांकेर, दिनांक 27/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु तृतीय बार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 09/07/2024 (सायं 5:00 बजे तक)
(रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से )
2. आवेदन परीक्षण पश्चात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 11/07/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 12/07/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 19/07/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 22/07/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा प्रारूप कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्रं. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | शा.प्रा.शाला मांझीकुरूसबोड़ी (वि.ख. कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.07 | 6500/- |
| 2 | 15 | शा.प्रा.शाला पी.व्ही.-21 (वि.ख. कोयलीबेड़ा) में 01 अति. कक्ष निर्माण | 8.07 | 6500/- |
| 3 | 16 | शा.प्रा.शाला झनकुपारा (वि.ख. कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 8.07 | 6500/- |
| 4 | 17 | शा.प्रा.शाला पी.व्ही.-72 (वि.ख. कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 8.07 | 6500/- |
| 5 | 18 | शा.प्रा.शाला मनहाकाल (वि.ख. कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 8.07 | 6500/- |
| 6 | 19 | शा.प्रा.शाला उपर कोंगेरा (अंतागढ़) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.07 | 6500/- |
| 7 | 20 | शा.प्रा.शाला हुरातई (अंतागढ़) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.07 | 6500/- |

G-242500931/1
कलेक्टर
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

# ये कैसा राजस्व पखवाड़ा... पटवारी अनिश्चिकालिन हड़ताल पर गए, गिरदावरी होगी न राजस्व के मामलों का निराकरण, किसान-छात्रों की मुश्किलें बढ़ी

## जिले में राजस्व मामलों के निराकरण के शिविर पर सवाल, बगैर पटवारी कैसे होंगे काम

**पायनियर संवाददाता ❮ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com

सैकड़ों पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से राजस्व पखवाड़ा पर ग्रहण लग गया है। पखवाड़े में शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निपटारे के सख्त निर्देश हैं। लेकिन सोमवार से पटवारी संघ अपनी 32 बिंदुओं की मांगों की फेहरिस्त लिए हड़ताल पर चला गया है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, राजस्व पखवाड़े के शिविर आयोजन में हड़ताल के चलते समस्याएं तो आएंगी ही। उन्होंने कहा कि, कई ऐसे जरुरी कार्य हैं जिन्हें पटवारी ही करते ही करते हैं। अविवादित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारे में इससे समस्या आएगी। शिविर के आयोजनों को लेकर उन्होंने कहा कि, जो संभव होगा उस स्तर पर आयोजन होंगे।

6 जुलाई से पखवाड़े की शुरुआत का ऐलान खुद राजस्व मंत्री टंकेश्वर वर्मा ने किया था। उन्होंने तब कहा था कि, हमने पटवारियों से हड़ताल पर न जाने की अपील की है। पटवारी संघ का कहना है कि, उन्होंने कई बार अपनी समस्याएं साझा की, शिकायत की लेकिन इसके निराकरण की कोई पहल नहीं हुई इसके चलते उन्होंने हड़ताल का रास्ता चुना है।

राजनांदगांव जिले में तकरीबन 300 राजस्व हल्के हैं जिनमें 200 पटवारी मौजूद हैं। सोमवार से इन सभी पटवारियों ने काम बंद कर दिया है। राजस्व प्रकरणों का जिम्मा संभालने वाले पटवारियों के हड़ताल में जाने से संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। राजस्व पखवाड़ा के तहत लगाए जाने वाले शिविरों का क्या होगा इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। बगैर पटवारियों के शिविरों का औचित्य ही नहीं है। शिविरों के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया जाना था। विभिन्न प्रमाण पत्र भी बनाए जाने के लिए नागरिकों को सुविधा दी जानी थी। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कांडे ने कहा कि, हमारे सामने दो बड़ी समस्याएं हैं पहला ऑनलाईन वर्क के लिए संसाधन और दूसरा भुईंया पोर्टल में काम में लगातार बढ़ती समस्याएं। उन्होंने बताया कि, इन मांगों को लेकर पटवारी लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। पिछली सरकार में भी यह मांगे रखी गई थी। इस बार भी राजस्व सचिव और संबंधित अधिकारियों से मुलाकात के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। राजस्व मंत्री ने भी हमारी समस्याओं के निराकरण हेतु कुछ स्पष्ट नहीं किया है। हम दो पाटों के बीच पिस रहे हैं। इसलिए ये हड़ताल आवश्यक हो गई।



### गिरदावरी अटकेगी, कैसे बनेंगे प्रमाण पत्र

पटवारियों की हड़ताल पर जाने से मौजूदा समय में सबसे ज्यादा प्रभावित किसान होंगे। गिरदावरी सहित दूसरे जरुरी कागजातों के लिए पटवारियों के पास बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अनश्चितकाल के लिए काम बंद कर दिया है। बटांकन, फौती और नामंतरण अभी नहीं हो पाएंगे। इसके चलते किसानों को सहकारी समिति से ऋण लेने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों के अटकने से भी परेशानी बढ़ सकती है।

### भुईंया में कई त्रुटि, नहीं सुधार रहे सिस्टम

हड़ताल पर गए पटवारियों की मांग भुईंया साफ्टवेयर में त्रुटियों को सुधारे जाने या नया प्लेटफॉर्म डेवलप करने की है। उनके मुताबिक भुईंया में फौती, बटांकन, नामांतरण दर्ज करने में कई समस्याएं हैं। कई बार सभी नहीं इसमें दर्ज नहीं हो रहे हैं। नामांतरण में विक्रेता और क्रेता दोनों के नाम अपडेट हो रहे हैं। एक भूखंड से छोटा टुकड़ा खरीदने पर एंट्री में दिक्कतों का सिलसिला बहुत पुराना है। ऐसी त्रुटियों के चलते नागरिकों को भी परेशान होना पड़ता है। बंधक खसरों पर कार्यवाही भी नहीं हो पा रही है। भुईंया में सुधार का अधिकार पटवारियों के पास नहीं है। ऐसे में नागरिकों को किसी त्रुटि पर फिर से पूरी प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है। डिजिटल सिग्नेचर रिमूव हो जाने से भी समस्या पैदा होती है। इन सारी परेशानियों का ठिकरा पटवारियों पर फोड़ा जा रहा है। इसे लेकर भी पटवारियों में नाराजगी है।

### डिजिटल सिग्नेचर, केवाईसी के फंदे में फंसे

पटवारी प्रशासनिक तंत्र पर दबाव बनाने का भी आरोप लगा रहे हैं। उनके मुताबिक डिजिटल सिग्नेचर अपडेट करने का दबाव है। नौकरी बचाने पटवारी अपने खर्च पर ऐसा कर भी रहे हैं। लेकिन मजबूरी में त्रुटिपूर्ण खातों में भी यह प्रक्रिया करनी पड़ रही है। आधार कार्ड अपडेट करना अनिवार्य है लेकिन खाताधारक इसे साझा नहीं करते। कई लोग बाहर रहते हैं, उनकी जानकारी भी नहीं मिल पाती। इन मामलों में भी पटवारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

### सॉफ्टवेयर से त्रस्त, कंप्यूटर भी नहीं

राजस्व के मामलों को डिजिटालाईजेशन पटवारियों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो रहा है। उनकी माने तों सरकार ने इसके लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए। अलबत्ता इसके लिए उन्हें अपने पास से पैसे खर्चने पड़ रहे हैं। नेट कनेक्शन के लिए भत्ते की मांग पटवारी कर रहे हैं। वे बताते हैं कि, भुईंया को लेकर दिक्कते हैं यह भी नहीं बताया जाता कि ये किस कॉन्फ़िगिरेशन में चलेगा। किस ब्राउजर में इसे इस्तेमाल किया उसे लेकर भी संशय की स्थिति बनी रहती है।

# कृषि केंद्र में एक्सपायरी दवाओं का जखीरा जब्त

- संचालक को नोटिस, एक सप्ताह के लिए प्रतिबंध
- कृषि केंद्र में लुटे जा रहे अंचल के किसान

**पायनियर संवाददाता ❮ डोंगरगांव नगर**
www.dailypioneer.com

नगर के हृदय स्थल एरिया में चंडी मंदिर के समीप स्थित छत्रपति बीज भंडार में एक्सपायरी दवाओं का जखीरा जब्त किया गया है। शिकायत पर कृषि विभाग द्वारा कृषि केंद्र में दबिश देकर कीटनाशकों को जब्त की कार्रवाई की गई। विभाग ने कृषि केंद्र संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए केंद्र मस कीटनाशकों की बिक्री पर एक सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।



उल्लेखनीय है एक्सपायरी कीटनाशकों की बिक्री की शिकायत मिलने के बाद नगर के छत्रपति बीज भंडार में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक संदीप वैष्णव ने विभागीय अमले सहित दबिश देते हुए कीटनाशकों की जांच की थी। इसमें सूमी मैक्स नाम निंदानाशक, कीटनाशक, फ़फूंदनाशक दवाइयां एक्सपायरी मिली। पड़ताल में पता चला कि इन कीटनाशकों को बगैर बिल किसानों को बेचा जा रहा था। तब वरिष्ठ कृषि अधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जब्ती की कार्रवाई की। इस संदर्भ में नाम नहीं छापने की शर्त में एक किसान ने मीडिया को बताया कि पिछले वर्ष 70 हजार रूपये का करेला बीज का अंकुरण ही नहीं हुआ जिसका नुकसान उसे उठाना पड़ा और दुकानदार ने अपना हाथ खड़ा कर दिया था। ऐसे में एक्सपायरी दवाई और नकली बीज विक्रय पर समय समय पर गहन जांच की आवश्यकता है।

> कृषि केंद्र में एक्सपायरी कीटनाशकों को जब्त किया गया। एक सप्ताह तक कीटनाशकों की बिक्री प्रतिबंधित की गई है।
> **-संदीप वैष्णव,** कृषि अधिकारी

# चोरों ने लगाई सेंध, 6 लाख नगद और जेवर पार

**पायनियर संवाददाता ❮ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com

नवविवाहित युगल के घर सेंधमारी कर चोरों ने नगदी 6 लाख और लगभग 07 तोला सोने का जेवर और 26 तोला चांदी का जेवर पार कर दिया। डोंगरगढ़ में हुई यह वारदात 3 जुलाई से 5 जुलाई के बीच की है। प्रार्थी ने बताया कि, पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

डोंगरगढ़ के आदर्श नगर रहने वाले शिवेन्द्र भगत (33) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 से 5 जुलाई के बीच उसके घर में चोरी हुई है। इस दौरान वह घर में ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। जब वह परिवार के साथ वापस लौटा तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था। भीतर आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। लॉकर से सोने-चांदी के जेवर गायब थे। घर में दीवान में ब्रिफकेस भी गायब है जिसमें लगभग 6 लाख की रकम थी। प्रार्थी ने बताया कि, दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई है। यह रकम उसे रिसेप्शन के कार्यक्रम में मिली थी।

पुलिस के मुताबिक चोरों ने लगभग 9 लाख 50 हजार की चोरी को अंजाम दिया है। डोंगरगढ़ इलाके में इससे पहले भी चोरी की वारदातें हुई हैं। कुछ दिनो पहले ही पुलिस ने यहां से एक गिरोह को गिरफ्तार भी किया था। अब भी इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ बृद्धि बसती है : मधु

- प्रवेशोत्सव में पहुंचे पूर्व सांसद, बैंड बाजा व पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**पायनियर संवाददाता ❮ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com

पढ़ाई के साथ ही शरीर को तंदरूस्त रखने के लिए समय सारणी अनुसार खेल के प्रति भी रूचि रखने का संदेश पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उ.मा.शाला हरदी के छात्र-छात्राओं को दिया। नगर के उ.मा.शाला हरदी में शनिवार को आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद ने विद्यार्थियों को मोबाईल और टीवी के प्रति मोह छोड़कर वह समय पढ़ाई के साथ खेल को देने का संदेश दिया। हरदी स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बैंड बाजे व पुष्पवर्षा के साथ मधुसूदन यादव सहित अतिथियों ध्रुपत निषाद, मंडल अध्यक्ष तरूण लहरवानी, मंडल उपाध्यक्ष दामू भूतड़ा, तेजराम पटेल, चंद्रकृत साहू, लक्ष्मण नेताम, सुनील साहू, डिंपल श्रीवास, प्रवीण चक्रधारी, तेनसिंह साहू, रूपलाल साहू का स्वागत शाला के प्राचार्य कमल नारायण सिंह सहित शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य सिंह एवं व्याख्याता राकेश मिश्रा द्वारा हरदी शाला को पूर्व सांसद द्वारा दिए गए सौगातों व शाला में प्राप्त सुविधा व उपलब्धियों का उल्लेख किया गया।




आतिथ्य भाषण में पूर्व सांसद ने अपने छात्र जीवन का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि एक आम छात्र की भांति पिता के व्यवसाय में हाथ बटाने के साथ ही पढ़ाई करते हुए उनका छात्र जीवन बीता है और लोगों की सेवा की भावना उनमें छात्र जीवन से ही रही है। घर कार्य के साथ ही छात्र-छात्राओं को पढ़ाई और खेल के लिए पर्याप्त समय मिलता है जिसे विद्यार्थी व्यर्थ न गंवाए।

पुस्तक वितरण कार्यक्रम उपरांत शाला प्रांगण में वट वृक्ष पौधारोपण, नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण के साथ ही विधायक एवं छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रदत्त मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

# परिसीमन कार्यवाही नियमानुसार संभव नहीं : कुलबीर

- पुराने परिसीमन में ही चुनाव की प्रक्रिया हो

**पायनियर संवाददाता ❮ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com

आम निर्वाचन 2024-25 वार्डो के हो रहे परिसीमन को लेकर निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नीतिगत परिसीमन संभव नहीं जिसको लेकर सचिव छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नगरीय प्रशासन तथा विकास मंत्रालय, संचालक नगरीय प्रशासन विकास छत्तीसगढ़, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नगर निगम निगम आयुक्त एवं एसडीएम को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है।



पार्षद कुलबीर ने कहा कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 (4) के तहत जैसे ही किसी नगर पालिक क्षेत्र के वार्डो की रचनापूर्ण हो जाती है, राज्य सरकार द्वारा उसकी रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को दी जाती है। किसी भी नगर पालिक निगम के कार्यकाल की पूर्णता के छह माह पूर्व क्षेत्र के सम्मिलित किए जाने या हटाए जाने अथवा वार्डो के सुधार की प्रक्रिया अनिर्वायत पूर्ण कर ली जाए अन्यथा राज्य निर्वाचन आयोग पूर्व निर्धारित एवं प्रचलित परिसीमन के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ करता है।

उन्होंने कहा कि, नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 (4) में वर्णित समय-सीमा निगम कार्यकाल 05 वर्ष होने के छह माह पूर्व परिसीमन की कार्यवाही अनिर्वायतः पूर्ण की जानी थी। जबकि कार्यकाल 09.01.2025 को पूर्ण हो रहा है। अतः परिसीमन की कार्यवाही अनिर्वायतः नियमानुसार माह जून 2024 तक पूर्ण हो जाना था, किन्तु समय सीमा में परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है।

छाबड़ा ने आगे कहा कि नियमानुसार नगर पालिक निगम अधिनियम 10 (4) के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित एवं प्रचलित परिसीमन के आधार पर निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाये। संचालनालय के आदेश के अवलोकन से स्पष्ट है कि आदेश में 2011 की जनगणना को आधार मानना है और पत्र क्र. 2032 समस्त कलेक्टर छ.ग. को दिए गए निर्देश में 2011 के जनगणना के पश्चात नगरीय निकाय जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए परिसीमन किया जाना है, दोनों पत्रों में विरोधाभास है। अतः इस कारण परिसीमन किया जाना वास्तविक रूप में संभव नहीं है। अतः परिसीमन की कार्यवाही को निरस्त किया जाए।

## एबिस के मालिक को मौके पर बुलाने की मांग

# एबिस कंपनी की पार्किंग में बालक की मौत, स्टेट हाइवे में 2 गांवों के ग्रामीणों का चक्काजाम

**पायनियर संवाददाता ❮ डोंगरगांव नगर**
www.dailypioneer.com

ग्राम झींका में एबिस ग्रुप के प्लांट के सामने मध्यप्रदेश से आए ट्रक ने एक किशोर को चपेट में ले लिया। इस हादसे में 17 वर्षीय नूतन निषाद की मौके पर ही मौत हो गई। किशोर की मौत से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने यहां प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। देर शाम तक प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और एबिस ग्रुप के एमडी बहादुर अली को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। खबर लिखे जाने तक हालात संभालने पूरा प्रशासनिक अमला और आसपास के थाना प्रभारी यहां मौजूद हैं। विखं डोंगरगांव के ग्राम पंचायत सुखरी के आश्रित ग्राम झींका में सड़क हादसे के बाद बवंडर खड़ा हो गया। यहां एबिस का प्लांट मौजूद है। सोमवार की दोपहर यहां मध्यप्रदेश के सागर से आए ट्रक के चालक ने जैसे ही गाड़ी रिवर्स की नूतन निषाद (17) उसके पिछले चक्के की चपेट में आ गया। वह सायकल से अपने चाचा की होटल के लिए पानी लेकर आ रहा था। पिछले दोनों चक्के उसपर चढ़ गए। नूतन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक ग्राम सुखरी का रहने वाला था। उसके पिता दिनेश और परिजनों का इस घटना के बाद बुरा हाल है। दोपहर तकरीबन एक-डेढ़ बजे के बीच हुए इस हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद लगभग 3 बजे सुखरी और बरसन टोला के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। सभी ने यहां प्रदर्शन शुरु कर दिया। हालात बिगड़ता देख एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया, टीआई उपेंद्र कुशवाहा मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी चालक को थाने ले जाया गया है। जबकि मृतक का शव पीएम के बाद मॉरच्यूरी में रखा गया है। ग्रामीण तत्काल शव सौंपे जाने की मांग को लेकर भी प्रशासनिक अमले के सामने अड़े हुए हैं।



### एक करोड़ की मांग, एमडी को बुलाने पर अड़े


प्रदर्शनकारी किसी सूरत में मौके से हटने को राजी नहीं हैं। देर शाम 7 बजे तक स्थिति को नियंत्रित करने प्रशासन और पुलिस मशक्कत करती रही। यहां मौजूद ग्रामीणों ने मौके पर एबिस ग्रुप के एमडी बहादुर अली और घटनाकारित करने वाले ट्रक के मालिक को बुलाने की मांग रख दी। मृतक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा और मॉरच्यूरी में रखे गए शव को तत्काल सौंपे जाने की मांग पर भी ग्रामीण अड़े रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से ग्राम सुखरी से झींका मार्ग की मरम्मत को लेकर भी मांगे रखी है।

### दोनों ओर एक किलोमीटर लंबा जाम

हादसे के बाद चक्काजाम के चलते स्टेट हाइवे में वाहनों की आवाजाही ठप्प पड़ गई। खबर लिखे जाने तक तकरीबन 4 घंटे से चक्काजाम जारी था। ग्रामीण किसी वाहन को इस ओर से उस ओर जाने नहीं दे रहे हैं। सड़क में दोनों ही ओर तकरीबन एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस की समझाईश का कोई असर नहीं होता दिख रहा है।

## निधन

### जगेशर बाई साहू



**डोंगरगांव नगर।** अंचल के ग्राम घोरदा निवासी जगेशर बाई साहू पति स्व पदुम साहू का 8 जुलाई मध्यरात्रि देहावसान हो गया। वे लगभग 85 वर्ष की थीं। वे प्रदेश साहू संघ छग के पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, सुरेंद्र साहू, राजेन्द्र साहू, केवल साहू, हुमन साहू की माता एवं जिला भाजयुमो महामंत्री व नगर पंचायत डोंगरगांव के पार्षद डिकेश साहू की दादी थीं। स्व साहू का अंतिम यात्रा गृहग्राम घोरदा में 12 बजे निकाली गई। अंतिम संस्कार घोरदा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों व ग्रामीणजनों के अलावा प्रदेश, जिला, तहसील व नगर साहू संघ के सामाजिकजन, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक बड़ी तादाद में सम्मिलित हुए।

# एनटीपीसी सीपत में आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार व सांसद (बिलासपुर) का दौरा





पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, भारत सरकार व सांसद (बिलासपुर) का एनटीपीसी सीपत में आगमन हुआ। उनके आगमन पर एनटीपीसी सीपत के उज्ज्वल नगर टाउनशिप स्थित जाह्नवी अतिथि गृह में परियोजना प्रमुख सीपत विजय कृष्ण पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र के साथ उनका स्वागत किया। इनके साथ ही अमित सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी तथा सिद्धी गवेल, तहसीलदार सीपत ने भी केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया। राज्यमंत्री तोखन साहू ने सीपत परियोजना के स्टेज-1 कंट्रोल रूम तथा टरबाइन हाल का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मचारियों के साथ बातचीत की तथा विद्युत उत्पादन संबंधी तकनीकों को समझा। कंट्रोल रूम में उन्होंने सभी कर्मचारियों से बातचीत भी की। माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री कंट्रोल रूम के पश्चात लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट का भी निरीक्षण किया। जहाँ पर राखड़ से बने विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की। ज्ञात हो कि एनटीपीसी सीपत प्लांट से निकलने वाली राखड़ की शत-प्रतिशत उपयोगिता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी पहल के अंतर्गत राखड़ से निर्मित ईंट, रोड़ी, बजरी, पैवर ब्लॉक,टाइल्स आदि के निर्माण में एनटीपीसी सीपत के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की केंद्रीय राज्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट में कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों से भी मुलाकात की। लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट के निरीक्षण के बाद उन्होंने सीपीडबल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक की। तत्पश्चात जन प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए विभिन्न विषयों पर जानकारी हासिल की। एनटीपीसी सीपत से प्रस्थान करने से पहले उन्होंने अतिथि गृह में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने दौरे के दौरान महाप्रबंधक (सीपीजी-2), श्रीजित कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अनिल शंकर शरण, वरिष्ठ अधिकारी गण, विभिन्न संगठनों के सदस्य, प्रैस-मीडिया कर्मी, जन प्रतिनिधि शामिल रहे। तोखन साहू, आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार व सांसद (बिलासपुर) ने अपने दौरे के दौरान एनटीपीसी सीपत के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा सीपत प्रबंधन के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

# भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा 600 पौधों का सफल रोपण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला कलेक्टर और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव और राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, भारत स्काउट गाइड जिला संघ शिक्षा विभाग के तत्वावधान में स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी, मुंगेली के सहयोग से कृषि महाविद्यालय चातरखार में 600 पौधों का सफल रोपण किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण हमारा कर्तव्य है और हमें अपने जीवनकाल में पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। जिला सचिव आकाश परिहार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंगेली में इस वर्ष रिकॉर्ड तापमान रहा है और हम सभी इसे पौधारोपण के माध्यम से कम कर सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस वर्ष संकल्प लें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे, जिला संगठन आयुक्त (गाइड)रोहिणी ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमित गुप्ता, ए.एल.टी. प्रशिक्षक पीतांबर मानिकपुरी, दिनेश साहू, नीरज खुसरो, युगल किशोर ठाकुर, सुभाषिणी राजपूत और मोतीमा साहू भी महत्वपूर्ण रूप से उपस्थित थे। पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति को वृक्षारोपण में अपना योगदान देना चाहिए ताकि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित और हरा-भरा बना सकें। स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी के संयोजक रामपाल सिंह और अध्यक्ष महावीर सिंह ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। साथ ही, सचिव विनोद यादव, कवि देवेंद्र परिहार, सीताराम सिंह, रामनाथ गुप्ता, जनपद सभापति शिवकुमार बंजारा, जिला संघ सदस्य कमल किशोर सोनी, माधुरी सोनी, कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक मरावी और नेताम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी सहभागियों ने मिलकर 600 पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी और सभी सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की मूल भूमि शिवरीनारायण में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



हर वर्ष आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ स्वामी की मूल भूमि शिवरीनारायण में भव्य रथ यात्रा के बड़े धूमधाम से मनाए जाते हैं। इस वर्ष भी इस धर्म धरा में पूरी भव्यता के साथ रथ यात्रा निकाला गया। भगवान जगन्नाथ स्वामी भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को महास्नान कराकर उनका आकर्षक श्रृंगार किया गया और शाम पांच बजे एक सुसज्जित रथ में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को विराजित कर पूजा अर्चना कर मठ मंदिर परिसर से रथ को प्रस्थान किया गया। मनोकामना पूरी होने की लालसा में रथ को खींचने के लिए श्रध्दालुओं में होड़ लगी हुई थी । रथ यात्रा के दौरान मार्ग में भगवान जगन्नाथ स्वामी की दर्शन एवं पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु की काफी भीड़ लगी रही। जो रथ के पास जा कर भगवान जगन्नाथ स्वामी का जयकारा लगाते हुए पूजा अर्चना कर नारियल और गजा-मूंग की प्रसाद लेते रहे। शिवरीनारायण भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान होने के कारण यहां हर वर्ष रथ यात्रा जगन्नाथ पुरी के तर्ज पर निकाला जाता है और रथ यात्रा में शामिल होने नगर सहित दूर दराज क्षेत्र के श्रद्धालुगण काफी संख्या में शिवरीनारायण पहुंचते हैं। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए रात्रि लगभग 8 बजे जनकपुर पहुंचा जहां वे अपनी मौसी के यहां नौ दिन विश्राम कर विजयदशमी के दिन वापस मठ मंदिर आयेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने एवं श्रध्दालुओं की सुरक्षा के लिए रथ के साथ ही साथ पुलिस बल भी चल रहे थे।

# प्रदेश के सभी जिलों में एक दिवसीय धरना प्रर्दशन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश भर में हो रही अघोषित बिजली कटौती, बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि, सहित बढती महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में एक दिवसीय धरना प्रर्दशन का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के पडाव चौक में कार्यक्रम प्रभारी संजीत बर्नजी एवं शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष लोकराम साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि राज्य सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेशभर में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आमजनता एवं किसान परेशान हैं। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़होत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर पुरे प्रदेश भर मे धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । यह कार्यक्रम जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयो में आयोजित किया जा रहा है। वही शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर के पड़ाव चौक मे शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है जिसको लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकली



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर सहित आसपास के क्षेत्रो मे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गईं, इसके लिए श्रद्धांलुओं का सुबह से हीं नगर के जगन्नाथ मंदिर मे आनाजना प्रारम्भ हो गया था, मंदिर मे पूजा अर्चना के पश्चात भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्तियों को रथ मे सवार कर नगर मे घुमाया गया, जो नगर के सभी मुख्य मार्गो से निकली। उसके बाद उन्हें उनकी मौसी माँ के मंदिर मे पहुंचाया गया, मान्यता के अनुसार 10 दिनों तक भगवान यहां आराम करते है, और एकादशी के दिन पुनः मंदिर आते है। वही ग्रामीण क्षेत्रो मे रथ यात्रा को लेकर लोगो मे उत्साह नजर आया।

# उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अतिथि व्याख्याताओं की नई पॉलिसी को लेकर प्राचार्यों की मनमानी से अतिथि व्याख्याताओं में रोष

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग रोजगार देने के नाम पर छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षित बेरोजगार युवाओं के योग्यता और भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरुद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है जिसमें महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा स्पष्ट आदेश नहीं होने का हवाला देकर भर्राशाही कृत्य कर रहे हैं जिसे लेकर अतिथि व्याख्याताओं में प्राचार्यों के प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही है। विदित हो कि पूर्व सत्र में भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक अतिथि व्याख्याता को विज्ञापन पर स्थगन हेतु न्यायालय भेज दिया जाता था जिसमें याचिका संख्या WPS/5119/2023, WPS/5148/2023, WPS/5150/2023, WPS/5160/2023 की सुनवाई करते हुए 26/07/2023 को विज्ञापन पर रोक लगाते हुए अन्य लंबित मामलों पर भी आदेश प्रभावशील होने का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया था, लेकिन संबंधित प्राचार्य आदेश का पालन नहीं किए और अतिथि व्याख्याता पूरे सत्र नियुक्ति के लिए भटकते रहे, उन्होने विभाग के आला अधिकारियों को भी शिकायत किया गया लेकिन प्राचार्यो का भर्राशाही चलता रहा। इसी तरह के एक और याचिका संख्या WPS/5177/2023 व अन्य में 28/07/2023 उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया गया था कि प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान नियुक्ति हेतु अलग अलग प्रक्रिया अपनाते है इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग को 17/08/2023 को पॉलिसी के साथ शपथ पत्र प्रस्तुति करने हेतु निर्देश दिया गया था, लेकिन विडंबना देखिए पॉलिसी बनाने में 11 माह का समय लग गया। 19 जून 2024 को पॉलिसी कैबिनेट में अनुमोदन किया गया एवं 21 जून 2024 को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि व्याख्याताओं के लिए नवीन पॉलिसी लागू की गई। उच्च शिक्षा विभाग से 06/07/2024 को अतिथि व्याख्याताओ के नियुक्ति के संबंध में समस्त प्राचार्यो को नवीन अतिथि व्याख्याता पॉलिसी 2024 के अनुसार नियुक्ति करने का आदेश जारी किया जाता है किंतु समस्त प्राचार्यो द्वारा पूर्व के सत्रों में कार्यरत ऐसे अतिथि व्याख्याता जिनको माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है उन अतिथि व्याख्याताओ को जबरन, बिना किसी आदेश के और विभाग से मार्गदर्शन मांगे बिना अपने मन से, अतिथि व्याख्याताओ को पुरानी पॉलिसी में काम करने का सहमति पत्र भराने को बोला जा रहा है जो की विभागीय आदेश की अवहेलना है सीधा सीधा अतिथि व्याख्याताओ की नौकरी के साथ खिलवाड़ है। जिसमें प्राचार्यो का मानना है कि नियुक्ति प्रक्रिया संदेहास्पद है और विभाग का आदेश है नवीन पॉलिसी के तहत नियुक्ति दिया जाए। जबकि सत्र 2023-24 में चयनित अतिथि व्याख्याता के साथ साथ पूर्व में विज्ञापन पर स्थगन लिए हुए व्याख्याताओं का कहना हैं कि 2023- 24 सत्र तक कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं को पॉलिसी का लाभ देते हुए शासन जॉब सुरक्षा प्रदान करें।

## सेजस कन्या शाला के प्रबधन समिति ने विभिन्न निर्णय लिया



**बेमेतरा।** सेजस कन्या शाला बेमेतरा में शाला प्रबंधन समिति की बैठक रखा गया था जिसमे प्रधानमंत्री पोषण आहार शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी जाने वाली मध्याह्न भोजन की मीनू निर्धारण किया गया एवं संचालक एजेंसी को मीनू के अनुरूप प्रति दिवस भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया ।साथ ही बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर चर्चा किया गया।समिति के सदस्यों को समय समय पर विद्यालय पहुँच कर विभिन्न गतिविधियों की अवलोकन करने व मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जाँचने हेतु रामेश्वर बंजारे (प्रधान पाठक) के द्वारा आग्रह किया गया । बैठक में पार्षद रानी सेन, उपाध्यक्ष फरीदा बेगम, धरम वीर साहू, पालकगण, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।


# शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए किया गया मॉक ड्रिल

## मॉक ड्रिल: रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर लोगों को बचाने किया अभ्यास

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय से 15 कि.मी. दूर स्थित ग्राम अमोरा से बहते हुये शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास)का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को घर में मौजूद सामग्री का बाढ़ में किस तरह उपयोग कर सकते हैं, इसका डेमो दिया गया। कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया और स्वयं उपस्थित होकर सम्पूर्ण क्रियाकलाप देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सर्व एसडीएम, जनसंपर्क विभाग कि टीम, स्वास्थ्य विभाग कि टीम, संबंधित अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। नगर सेना विभाग द्वारा जिले एवं संभागीय स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। कलेक्टर शर्मा ने राज्य आपदा मोचन दल की तैयारियों की सराहाना की। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के चैन-सा का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे गोल बर्तन, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब, प्लास्टिक बॉटल, इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले एक लीटर पानी की बोतल को एयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है। मॉक ड्रिल एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवान द्वारा किया गया। बाढ़ आपदा में बचाव के लिए मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना होता है। इसमें बाढ़ की स्थिति का सटीक सिमुलेशन किया जाता है। इससे आपातकालीन सेवाओं को वास्तविक स्थिति में अभ्यास करने का अवसर मिलता है। इसमें बाढ़ के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना, प्राथमिक चिकित्सा देना, और आपदा प्रबंधन के अन्य पहलुओं को शामिल किया जाता है।















संकलनकर्ता -श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता-भाटापारा, मो.- 97556-85116

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403